भाद्र मास, कृष्ण पक्ष 20 वर्ष, अंक 267 पृष्ठ 8 मूल्य 1.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | मंगलवार 21 सितम्बर 2021 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

क्रियायोग संदेश

क्रिया योगः साँच (सच Truth) को आँच नहीं। आँच अज्ञानता (अविद्या Ignorance) समय, दूरी व सापेक्षता की अनुभूति है जो समस्त दुःखों का कारण है। अध्यात्मिक वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध कर दिया है कि सामान्य तरीके से जीवन जीने पर सच की अनुभूति के लिए व्याधि रहित लगभग दस हजार वर्ष की आवश्यकता होती है, लेकिन क्रियायोग अभ्यास से सच की अनुभूति एक ही जन्म में सम्भव है।

1. प्राचीन उच्च मानव सभ्यता मे वर्णित यज्ञ, वर्तमान में विश्व विख्यात 'क्रियायोग' है।
2. क्रियायोग अभ्यास वेदपाठ है, पूर्ण ज्ञान की अनुभूति है।
3. क्रियायोग अभ्यास ईश्वर अनुभूति है।
4. क्रियायोग अभ्यास अतीत, वर्तमान व भविष्य से जुड़ना है।
5. क्रियायोग अभ्यास जीवन मृत्यु पर विजय है।

स्वामी श्री योगी सत्यम्
क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान प्रयागराज
10 मिनट का अभ्यास 20 वर्ष का विकास

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सोमवार को भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, उनका शव अल्लापुर में बाघंबरी गद्दी मठ के कमरे में फंदे से लटका मिला है। जांच-पड़ताल की जा रही है। पोस्टमार्टम के बाद ही घटना का कारण साफ हो पाएगा। आईजी रेंज केपी सिंह ने बताया कि वह मौके पर पहुंच गए हैं। फिलहाल यह फांसी लगाकर आत्महत्या का मामला लग रहा है। फॉरेंसिक टीम को घटनास्थल पर बुलाया गया है।

एडीजी कानून-व्यवस्था प्रशांत कुमार ने बताया कि मौके पर पहुंचे अधिकारियों के अनुसार नरेंद्र गिरि

उन्हें जिस कमरे में सुसाइड किया है। वह दरवाजा बंद था, अनुयायियों की सूचना पर दरवाजा तोड़कर नरेंद्र गिरि का शव निकाला गया। मौके से सुसाइड नोट मिला है। सल्फास खाने की जो बात सामने आ रही है, वह पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही स्पष्ट हो पाएगी।

शिष्य आनंद गिरि को उत्तराखंड की पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। सुसाइड नोट में महंत नरेंद्र गिरि ने आनंद गिरि और दो अन्य लोगों पर आरोप लगाया था, जिसके बाद उत्तराखंड पुलिस ने आनंद गिरि को हरिद्वार से हिरासत में लिया है। इसके साथ ही हनुमान मंदिर के प्रधान पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी और उसका पुत्र संदीप तिवारी भी शामिल हैं। इन दोनों का भी नाम सुसाइड नोट में था। इन्हें प्रयागराज से हिरासत में लिया गया है। नरेंद्र गिरि के मौत में प्राथमिक तौर पर शिष्य नरेंद्र गिरि और लेटे हनुमान मंदिर के मुख्य पुजारी आद्या तिवारी, उसका बेटा संदीप तिवारी का नाम सामने आ रहा है। इन तीन चेहरों के अलावा चार अन्य लोगों का नाम भी इस हत्याकांड से जुड़ रहा है। इनमें नरेंद्र गिरि के सुरक्षाकर्मी अजय सिंह, मनीष शुक्ला, अभिषेक मिश्रा, शिवेक मिश्रा का नाम शामिल है। नरेंद्र गिरि के शिष्य आनदं गिरि के मुताबिक गुरुजी ने मनीष शुक्ला की शादी करवाई थी उसे करोड़ों का घर भी दिया था। अभिषेक मिश्रा को भी गुरुजी ने करोड़ों का घर दिया था। इसके साथ ही शिवेक मिश्रा ने करोड़ों खर्च कर घर बनवाया था। गुरुजी ने इसे भी सहयोग किया था।

आई-कोर पोंजी घोटालाः ममता सरकार में मंत्री मानस भूनिया से सीबीआई ने दो घंटे तक पूछताछ की

कोलकाता (एजेंसी)। सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने आई-कोर पोंजी घोटाला मामले में सोमवार को पूछताछ की। यह पूछताछ पश्चिम बंगाल के मंत्री मानस भुनिया से उनके कार्यालय में की गई। पूछताछ करीब दो घंटे तक चली। इससे पहले बताया गया था कि भूनिया सीबीआई के समक्ष उपस्थित नहीं हो सकेंगे। इसके पीछे उनके विधानसभा क्षेत्र में बारिश के चलते हुए जल-जमाव की निगरानी को वजह बताया गया था। भूनिया पश्चिम मेदिनीपुर में सबांग विधानसभा सीट से विधायक हैं। भुनिया को साल्ट लेक में सीजीओ कॉम्प्लेक्स कायार्लय में सोमवार को करीब 12 बजे हाजिर होने को कहा गया था।

सुकांता मजूमदार पश्चिम बंगाल में भाजपा के नए अध्यक्ष, दिलीप घोष को यह जिम्मेदारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के कई नेताओं के दलबदल के बीच पार्टी ने बड़ा फेरबदल किया है। बीजेपी ने यहां दिलीप घोष को हटाकर डॉक्टर सुकांता मजूमदार को पश्चिम बंगाल में नया अध्यक्ष अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं दिलीप घोष राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। उत्तराखंड की पूर्व राज्यपाल बेबी रानी मौर्या को भी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया गया है। भाजपा महासचिव अरुण सिंह की ओर से जारी अलग-अलग विज्ञप्तियों में यह घोषणाएं की गईं। इनमें कहा गया, ''बीजेपी अध्यक्ष जे पी नड्डा ने सांसद सुकांता मजूमदार को पश्चिम बंगाल की इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया। उनकी नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू

होगी।पश्चिम बंगाल के बालूरघाट से सांसद मजूमदार, दिलीप घोष का स्थान लेंगे। घोष को पिछले पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के मद्देनजर लगातार दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। अब वह नड्डा के साथ बीजेपी की राष्ट्रीय टीम में उपाध्यक्ष होंगे।पार्टी ने इसके साथ ही पिछले दिनों उत्तराखंड की राज्यपाल के पद से इस्तीफा देने वाली बेबी रानी मौर्य को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। मौर्य के इस्तीफे के बाद से कयास लगाए जा रहे थे कि आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के मद्देनजर उन्हें भाजपा में कोई जिम्मेदारी दी जा सकती है।

योगी सरकार इसी महीने पौने दो करोड़ लोगों के खाते में डालेगी 1000 से ज्यादा रुपये, प्रेरणा डीबीटी एप होगा लांच

लखनऊ (एजेंसी)। बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में निःशुल्क यूनिफार्म, स्वेटर, स्कूल बैग व जूता-मोजा के लिए बेसिक शिक्षा विभाग प्रेरणा डीबीटी एप लांच करेगा। डायरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सितम्बर में ही पहले चरण की धनराशि अभिभावकों के खाते में भेजने के निर्देश दिए हैं। 1056 रुपये की धनराशि डीबीटी से दी जाएगी। प्रदेश में 1.79 करोड़ विद्यार्थी प्राइमरी व जूनियर स्कूलों में पंजीकृत हैं। विभागीय प्रमुख सचिव दीपक कुमार ने आदेश जारी कर कहा है कि डीबीटी के लिए विभाग श्रीटान इण्डिया लिमिटेड के साथ करार करेगा। क्योंकि श्रीटान इण्डिया यूआईडीएआई के पोर्टल से आधार प्रमाणीकरण के लिए अधिकृत हैं। वहीं विभाग यूपी डेस्को से भी करार करेगा जो प्रेरणा पोर्टल व एप के संचालन के लिए डाटाबेस, डैशबोर्ड व पीएफएमएस पोर्टल के साथ इंटीग्रेशन करेगा। समय कम है लिहाजा तैयारियां तेज की जाएं। इस बीच सभी सरकारी व सहायता प्राप्त स्कूलों के विद्यार्थियों का पंजीकरण अनिवार्य रूप से प्रेरणा पोर्टल पर किया जाएगा। उनके माता-पिता या अभिभावक की बैंक पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य रूप से प्राप्त की जाएगी।

क्वॉड समिट से पहले भारत और अमेरिकी रक्षामंत्री के बीच फोन पर हुई बात, द्विपक्षीय सुरक्षा और सहयोग पर हुई चर्चा

नई दिल्ली (एजेंसी)। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को अमेरिकी रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों के बीच अफगानिस्तान के हालात और इससे क्षेत्रीय सुरक्षा पर पड़ने वाले असर को लेकर चर्चा हुई। यह बातचीत वॉशिंगटन में 24 सितंबर को होने वाली क्वॉड समिट से पहले हुई है। इस बारे में जानकारी देते हुए भारतीय रक्षामंत्री ने ट्विटर पर लिखा कि हमने क्षेत्रीय रक्षा और सहयोग समेत विभिन्न मामलों पर चर्चा की। इस दौरान अफगानिस्तान में हालात के बारे में भी बातचीत की गई। राजनाथ

सिंह के मुताबिक आगे बातचीत जारी रखने आपसी सहयोग मजबूत बनाने को लेकर दोनों नेताओं के बीच सहमति बनी है। गौरतलब है कि अफगानिस्तान में तालिबान के शासन में आने के बाद भारतीय सुरक्षा एजेंसियां पाकिस्तान के रास्ते भारत में आतंकवादी घटनाओं में इजाफे को लेकर चिंतित हैं।

व्हाइट हाउस में 24 सितंबर को होने वाली क्वॉड समिट की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन करेंगे। इस समिट में भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा, जापान के योशिहिदे सुगा और ऑस्ट्रेलिया के स्कॉट मौरिसन भी हिस्सा ले रहे हैं। राजनाथ सिंह और ऑस्टिन के बीच अफगानिस्तान के हालात को लेकर चर्चा तब हुई है, जबकि कुछ ही दिन पहले दोनों देश इस बात पर जोर दे चुके हैं अफगान धरती का इस्तेमाल किसी देश के खिलाफ आतंकवाद के लिए नहीं होनी चाहिए।

पंजाब को मिला पहला दलित मुख्यमंत्री

नई दिल्ली (एजेंसी)। चरणजीत सिंह चन्नी को पंजाब का नया मुख्यमंत्री बना कर कांग्रेस ने मौजूदा संकट टाल तो दिया है, लेकिन क्या चुनाव के ठीक पहले पार्टी के अंदर आपसी मतभेदों के यूं सामने आने का पार्टी के भविष्य पर असर पड़ेगा?पंजाब विधान सभा का कार्यकाल मार्च 2022 में खत्म होना है, जिसका मतलब है राज्य में चुनाव होने से पहले मुश्किल से छह महीनों का समय बचा है. चुनाव के इतने नजदीक सत्तारूढ़ पार्टी का मुख्यमंत्री को बदल देना भारतीय राजनीति में नई बात नहीं है, लेकिन अक्सर यह एक चुनौतीपूर्ण कदम होता है. पंजाब में कांग्रेस पिछले कई महीनों से गहरे मतभेदों से गुजर रहे थी. यह स्थिति चरम पर तब पहुंची जब जुलाई में मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह के खिलाफ बगावत कर चुके नवजोत सिंह सिद्धू को पार्टी हाई कमान ने प्रदेश अध्यक्ष बना दिया. क्या कर सकते हैं अमरिंदर अमरिंदर ने तब ही अपनी नाराजगी जाहिर कर दी थी और उनके जल्द ही मुख्यमंत्री पद छोड़ देने की अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं. उन्हें इस्तीफा देने का मौका देकर पार्टी ने साफ कर दिया है कि पंजाब को लेकर पार्टी की भविष्य की रणनीति में उनकी कोई विशेष जगह बची नहीं है. अमरिंदर की करीब पांच दशक लंबी राजनीतिक यात्रा के लिए यह निर्णायक मोड़ है, लेकिन इसे उस यात्रा का अंत नहीं माना जा रहा है।

रावत के बयान पर कांग्रेस की सफाई, पंजाब विधानसभा चुनाव में चन्नी और सिद्धू दोनों होंगे चेहरे

नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस ने सोमवार को कहा कि वह मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू के नेतृत्व में पंजाब का चुनाव लड़ेगी और दोनों ही हमारे चेहरे होंगे। कांग्रेस पार्टी की ओर से यह बयान पंजाब के प्रभारी महासचिव हरीश रावत के बयान के बाद आया है। हरीश रावत ने कहा था कि पंजाब में कांग्रेस नवजोत सिंह सिद्धू के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। रावत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां कांग्रेस पर हमलावर हो गई थी। कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अगला पंजाब विधानसभा चुनाव चन्नी और सिद्धू दोनों के नेतृत्व में लड़ा जाएगा और उन्होंने एक दलित मुख्यमंत्री का अपमान करने को लेकर भाजपा, अकाली दल, बसपा और आम आदमी पार्टी पर हमला किया।

सूरजेवाला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बीजेपी नेतृत्व से भी सवाल किया कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्री के रूप में किसी दलित का नाम क्यों नहीं लिया। सूरजेवाला ने कहा कि चुनाव में चरणजीत सिंह चन्नी और नवजोत सिंह सिद्धू के साथ-साथ सामान्य कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि यदि कोई यह कहता है कि कोई एक या दूसरा चेहरा होगा तो यह जानबूझकर या फिर इसे मीडिया द्वारा गलत व्याख्या किया जा रहा है। सूरजेवाला ने हरीश रावत के बयान का गलत अर्थ निकालने का आरोप लगाते हुए कहा कि मैं मीडिया में अपने सभी दोस्तों को बताना चाहता हूं, कृपया, आप भी युवा दलित नेता और पंजाब के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जो भूमिका दी गई है, उससे आप नाराज न हों। स्वाभाविक है वह नवजोत सिंह सिद्धू के साथ हमारा चेहरा होंगे। सुरजेवाला ने कहा, ठहम भाजपा, अकाली दल, बसपा और आप से दलितों का अपमान बंद करने और उनके बारे में झूठ फैलाने का आग्रह करते हैं।

प्रियंका गांधी 29 सितंबर को मेरठ में और 2 अक्टूबर को बनारस में करेंगी महारैली

मेरठ (एजेंसी)। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश प्रभारी प्रियंका गांधी 29 सितंबर से सूबे में चुनावी दौरा शुरू करेंगी। विधानसभा चुनाव का बिगुल क्रांतिधरा से 29 सितंबर को फूंका जाएगा। दो अक्तूबर को वाराणसी में महारैली को वह संबोधित करेंगी। सात अक्तूबर को आगरा और 16 अक्तूबर को प्रयागराज में रैली करेंगी। मेरठ में कांग्रेसियों ने रैली की तैयारियां शुरू कर दी हैं। एक लाख लोगों की भीड़ जुटने का दावा किया जा रहा है। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं सह प्रभारी धीरज गुर्जर ने कहा कि परिवर्तन का संकल्प, कांग्रेस ही

विकल्प अभियान की प्रियंका गांधी मेरठ से शुरुआत करेंगी। 29 सितंबर को मेरठ, दो अक्तूबर को बनारस, 16 अक्तूबर को प्रयागराज में महाजनसभाओं को संबोधित करेंगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने यूपी को पांच जोन में बांटा है। जोनवार कांग्रेस के कार्यक्रमों की तारीखों की घोषणा मेरठ की महारैली में की जाएगी। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस अपने दम पर सूबे में सभी 403 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाएगी। दावा किया कि जनसभा में एक लाख कार्यकर्ता जुटेंगे।

इस दौरान प्रदेश महासचिव विदित चौधरी, प्रदेश सचिव जिला प्रभारी अजीत सिंह दौला, प्रदेश सचिव शहर प्रभारी नसीम खान, युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ओमवीर यादव, जिलाध्यक्ष अवनीश काजला और शहर अध्यक्ष जाहिद अंसारी, हेमंत प्रधान, राजकेसरी रहे। बताया कि 25 सितंबर तक विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों से आवेदन मांगे गए हैं। अभी आवेदन आ रहे हैं।

पार्टी के वरिष्ठ नेताओं जिला व शहर कांग्रेस कमेटी की कांग्रेस कार्यकर्ताओं, पदाधिकारियों और नेताओं के साथ बैठक की। महारैली के लिए प्रस्तावित स्थलों को लेकर चर्चा की। शाम को कांग्रेस ने जिला प्रशासन से अनुमति लेने के लिए कार्रवाई शुरू कर दी। इसके लिए जिलाध्यक्ष अवनीश काजला और महानगर अध्यक्ष जाहिद अंसारी जुट गए। बैठक में हरिकिशन अंबेडकर, डॉ. यूसुफ कुरैशी, आशा राम, संजय गोयल, दीपक शर्मा, चौधरी यशपाल सिंह, अखिल कौशिक, सुधीरकांत शर्मा, गौरव भाटी, सरदार मनजीत सिंह कोछड़, बबीता गुर्जर, सीमा जाटव, उषा चिनॉय, राहिला बेगम, आस्था वर्मा, नईम राणा, युगांश राणा, रोहित राणा, शहजाद यूसुफ, रोबिन नाथ गोलू, राजकेसरी, अरुण त्यागी, नवीन गुर्जर, मासूम असगर, राकेश मिश्रा आदि रहे।

केकेआर ने आरसीबी से किया हार का हिसाब चुकता, वरुण चक्रवर्ती और शुभमन गिल रहे जीत के हीरो

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में खेले गए 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम ने रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर को चारों खाने चित करते हुए 9 विकेट से जीत दर्ज की। आ?सीबी से मिले 93 रनों के लक्ष्य को केकेआर की टीम ने शुभमन गिल (48) और आईपीएल में अपना डेब्यू कर रहे वेंकटेश अय्यर की 41 रनों की नाबाद पारी की बदौलत एक विकेट खोकर महज 10 ओवर में चेज किया। इससे पहले टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए आरसीबी की पूरी टीम महज 92 रन बनाकर ऑलआउट हुई। गेंदबाजी में कोलकाता की तरफ से वरुण चक्रवर्ती और आंद्र रसेल ने तीन-तीन विकेट झटके। 93 रनों के टारगेट का पीछा करने उतरी कोलकाता की टीम को शुभमन गिल और वेंकटेश ने धमाकेदार शुरुआत दी और दोनों ने पहले विकेट के लिए महज 9.1 ओवर में 82 रन जोड़े। गिल 34 गेदों में 48 रनों की तूफानी पारी खेलने के बाद युजवेंद्र चहल की गेंद पर मोहम्मद सिराज के कैच थमाकर चलते बने। इसके बाद वेंकटेशन ने क्रीज पर उतरे आंद्रे रसेल को एक भी गेंद खेलने का मौका नहीं दिया और पारी के 10वें ओवर में तीन चौके जड़कर अपनी टीम को यादगार जीत दिला दी। यूएई लेग की शुरुआत केकेआर ने धमाकेदार जीत के साथ की है और टीम इसी फॉर्म को बरकरार रखना चाहेगी।

इससे पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की शुरुआत अच्छी नहीं रही और कप्तान विराट कोहली अपने 200वें मैच में महज 5 रन बनाकर प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर आउट हुए। देवदत्त पडिक्कल (22) ने भी आगाज तो अच्छा किया, पर वह अपनी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सके। डेब्यूटेंट केएस भरत भी आंद्रे रसेल की बॉल पर 16 रन बनाकर शुभमन गिल को कैच दे बैठे। पिछली भिड़ंत में केकेआर के गेंदबाजी अटैक की धज्जियां उड़ाने वाले ग्लेन मैक्सवेल (10) भी दबाव में अपना विकेट फेंककर चलते बने। वहीं, मिस्टर 360 यानी एबी डिविलियर्स को रसेल ने पहली ही गेंद पर क्लीन बोल्ड करके बैंगलोर की रही सही उम्मीदों पर भी पानी फेर दिया।

रद्द होगी 'आप' की मान्यता? हाईकोर्ट ने याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार और चुनाव आयोग से मांगा जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) की मान्यता रद्द करने की मांग वाली एक याचिका पर केंद्र, दिल्ली सरकार और निर्वाचन आयोग से जवाब मांगा है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'आप' ने सरकारी धन का इस्तेमाल करके गणेश चतुर्थी का प्रचार किया जो एक धर्मनिरपेक्ष देश के संविधान के विरुद्ध है। चीफ जस्टिस डी.एन. पटेल और जस्टिस अमित बंसल की बेंच ने स्पष्ट किया कि वह केंद्र, दिल्ली सरकार और निर्वाचन आयोग को नोटिस भेज

रही है, ना कि मुख्यमंत्री और राज्य के अन्य मंत्रियों को। वकील ने उक्त पक्षों से निर्देश प्राप्त करने और जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा, जिसके बाद अदालत ने मामले में अगली सुनवाई के लिए आठ नवंबर की तारीख तय की।

याचिकाकर्ता और वकील एम.एल. शर्मा ने कहा कि वह 'आप' की एक राजनीतिक दल के रूप में मान्यता समाप्त करने तथा मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल एवं अन्य मंत्रियों को संवैधानिक पद से हटाने का निर्देश देने का अनुरोध कर रहे हैं क्योंकि कथित रूप से जानबूझकर संविधान और जन प्रतिनिधित्व कानून का उल्लंघन किया गया है।दिल्ली सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील राहुल मेहरा ने इसका विरोध करते हुए कहा कि यह पूरी तरह शरारतपूर्ण याचिका है जिसे जनहित याचिका के रूप में दाखिल किया गया है।

खबर संक्षेप

एक महीने से लापता महिला को पुलिस ने बरामद कर पहुंचाया घर, खुशी की लहर

जसरा। एक महीने पूर्व से घर से लापता महिला को पुलिस ने सोमवार को बरामद कर घर पहुंचाया तो परिजन खुशी से झूम उठे। थाना क्षेत्र के कांटी गांव की मानसिक अंसुतलन से पीड़ित महिला संगीता देवी कांटी के कुंवर बहादुर की पत्नी बीते एक माह पूर्व घर से अचानक लापता हो गई थी। परिजन पुलिस को शिकायती पत्र दिया था। पुलिस भी खोजबीन कर रही थी। वहीं पति भी पत्नी की फोटो पोस्टर लेकर साइकिल से इलाके से लेकर मध्य प्रदेश तक खोजबीन कर रहा था। वहीं उक्त महिला की खोजबीन में लगे गौहनिया चौकी इंचार्ज ज्ञानेश कुमार सिंह ने सोमवार के दिन इलाके के बुदांवा गांव के पास से बरामद कर उसके घर ले जाकर उसके परिजनों को सौंपा तो परिजन खुशी से झूम उठे और गौहनिया चौकी इंचार्ज को धन्यवाद् देते हुए खूब आशीर्वाद दिए। वहीं कांटी के ग्रामीणों ने भी पुलिस की खूब सराहना की।

शराब की दुकान के दरवाज का कुंडी तोड़ चोरी कर ले गए 37 हजार कीमत की शराब

घूरपुर। इलाके के कंजासा गांव के एक सरकारी शराब के दुकान के दरवाजे की कुंडी तोड़ चोरों ने 37 हजार रूपए कीमत की शराब पार कर दिए।

कंजासा गांव के बाजार में उतारा बारा निवासी रजनी देवी जायसवाल का सरकारी देशी शराब की दुकान है। कैनुआ गांव निवासी विनोद कोटार बतौर सेल्समैन है। रोजाना की तरह रविवार की रात दुकान बंद कर घर चला गया था। सोमवार की सुबह आसपास के लोगों ने दरवाजा खुला देखा तो सूचना पर सेल्समैन पहुंचा और देखा कि दुकान के दरवाज का कुंडी तोड़ 12 पेटी 37 हजार कीमत की शराब चोर पार कर दिए। लिखित शिकायती पत्र थाने में देने पर पुलिस पहुंच जांच पड़ताल किया।

सरकार की जल जीवन परियोजना के प्रति ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

● 46 ग्राम पंचायतों में चलाया जा रहा अभियान

अखंड भारत संदेश

घूरपुर। जल जीवन मिशन व नमामि गंगे योजना से इंस्टिट्यूट आफ सोशल एक्शन की अगुवाई में गांव में ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए लगातार चौपाल लगाया जा रहा है। जसरा ब्लाक के अंतर्गत 46 ग्राम पंचायत मैं बैठक कर जुलूस निकालकर जागरूक करने का अभियान चलाया जा रहा है। बैठक के दौरान संस्था के वित्त सचिव मंगला प्रसाद, टीम लीडर गंगा पाल, पदाधिकारी मनोज कुमार बिंद, राकेश कुमार ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार के सहयोग से जल जीवन मिशन परियोजना सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना चलाई जा रही है। सरकार की जल जीवन मिशन योजना से हर घर हर गांव को साफ पानी उपलब्ध कराने के लिए टोटी नल के माध्यम से स्वच्छ पानी उपलब्ध कराया जाएगा। इस योजना का मुख्य मकसद है कि हर ग्रामीणों को स्वच्छ शुद्ध पानी पिलाया जाए टोटी के माध्यम से जिससे कई प्रकार की बीमारियों से बचाया जा सके।

जल जीवन परियोजना के बारे में ग्रामीणों को जागरूक करते टीम लीडर मनोज बिंद

इस परियोजना की देखरेख प्रबंधन की जिम्मेदारी ग्राम पंचायत स्तर पर गठित ग्राम पेयजल स्वच्छता समिति करेगी। सोमवार के दिन सेंधूवार भूरी, बसहरा मे चौपाल का आयोजन किया गया। बताया कि जिस प्रकार से हम लोग जल का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं। जिससे पेयजल संकट की समस्या शुरू हो गई है। यह समस्या भविष्य में भीषण जल संकट होने वाला है तो हमें अभी से सचेत होकर जल संरक्षण जल संचय और ग्रे वाटर का उपयोग करना शुरू कर दिया जाए।

सोलर यंत्रो का वितरण 02अक्टूबर को

जसरा। यमुनापार के विभिन्न शैक्षिक संस्थानो सहित ग्राम प्रधानों को कल्याणी फाउंडेशन एवम ट्रस्ट की ओर से 02अक्टूबर को सोलर उपक्रम वितरित किया जाएगा। संस्था की उपाध्यक्ष डा अनु वर्मा ने बताया कि उनके संस्थान द्वारा अब तक 400से अधिक सोलर उपक्रम एवम बेटियों की शिक्षा पर कार्य किये जा चुके हैं इसीक्रम मे बलापुर स्थित श्रीमती कमला स्मारक इंटर कालेज मे सोलर यंत्रो का वितरण किया जाएगा। एक प्रश्न मे उन्होंने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोली कि सोलर ऊर्जा के प्रयोग से काफी हद तक विद्युत बचत किया जा सकता हैं साथ ही सोलर ऊर्जा का एक महत्वपूर्ण साधन भी बन चुका हैं।संस्थान द्वारा वितरित होनें वाले उक्त सोलर के प्रयोग से पेयजल, सिचाई इत्यादि की समस्या को काफी हद तक मे दूर किया जा सकता हैं।

मिशन शक्ति के तहत विद्यालय मे छात्राओं को उपजिलाधिकारी ने किया जागरूक

अखंड भारत संदेश

जारी। मिशन शक्ति के तहत छात्राओं के जागरूकता व बचाव के उपयो पर विद्यालय मे अभियान के तहत शिवा जी इंटर कालेज पटेलनगर मे एक कार्यक्रम आयोजित कर सैकडो. छात्राओ को जागरूक किया। जिसके मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी बारा सौम्या गुरूरानी रही। उन्होने बच्चो को जागरूक करते हुए पुलिस एवं प्रशासनिक मदद के उपायो पर जोर देकर कहा अब आपको जागरुक होना होगा।अब आप कमजोर नही,आज की बच्चिया महिलाएऐ चारो तरफ जल-थल-नभ मे अपना परचम लहरा रही है। सरकारे और प्रशासन आपके सुरक्षा और विकास के प्रति समर्पित है। आपको अपनी सुरक्षा के लिए समाज व घर के दवाव मे डरने की जरूरत नही है। चाहे विधालय का आवागमन हो या घरेलू हिंसा सभी के प्रति जागरुक होना होगा। किसी बात पर माता-पिता के साथ ऐसी किसी प्रकार की दिक्कत होने पर 1090 ,112 आदि हेल्प नम्बरो पर अवगत कराकर पुलिस एवं प्रशासन की मदद लेनी चाहिए। वह पूरी तरह गोपनीय रहेगी। ताकि गलत करने वाले या छेडखानी करने वालो का मनोबढ ना बढे। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी बारा अवधेश शुक्ला,थानाध्यक्ष बारा टीआर वर्मा,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी आदि विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित रहे। चौकी प्रभारी गन्ने ने कुशल संचालन करते हुए पुलिस के कार्य और सुरक्षा के प्रति बच्चो को जागरूक करते हुए 24 घंटे सेवा के लिए तत्पर रहने की बात बताई। और गैरो से दूरी घरेलू हिंसा के प्रति जागरूक किया। स्वागत एवं आभार प्रधानाचार्य कैलास सिंह,नेहा सिंह ने करते हुए बच्चो को पढाई के प्रति भी आगाह किया। इस अवसर पर बच्चो ने नाटक द्वारा भी पुलिस एवं शोहदो के छेडखानी पर महिला हेल्प लाईन एवं पुलिस के कार्यो को दिखाकर प्रेरित करते हुए अतिथियो के स्वागत मे गीत की प्रस्तुति किया जिसमे प्रमुख रूप से साक्षी, नैन्सी,कृतिका, अनुष्खा,यशि किरण, खुशी, सुहानी, रिया आदि कलाकार बच्चो को उपजिलाधिकारी ने उपहार भेंटकर प्रोत्साहित किया। महिला विधालय की प्रधानाचार्या नेहा सिंह, मीरा, कल्पना सिंह, तनू सिंह, बन्दना सिंह के साथ सैकडो. के संख्या मे छात्राऐ एवं छात्र भी उपस्थित रहे।

मिशन शक्ति के तहत पटेल नगर शिवा जी इं कालेज में कार्यक्रम प्रस्तुत करते

छात्राओ और बच्चो को सुरक्षा हेल्पलाईन की मदद लेने को किया जागरूक

बसपा के वरिष्ठ नेता डा. अशोक गौतम का किया गया स्वागत

प्रयागराज। बसपा प्रमुख सुश्री बहन मायावती को सत्ता की सर्वोत्तम कुर्सी पर बैठाने की संकल्पना के साथ नगर प्रयागराज के बसपा कार्यकर्ताओ के युवा दिलों की धड़कन, मण्डल के कार्यकताओं की आवाज, बहन जी की आंख नाक कान, सबसे विश्वसनीय मिशनरी बसपा के वरिष्ठ नेता डा. अशोक गौतम को एक बार फिर से प्रयागराज और चित्रकूट मण्डल का मुख्य सेक्टर प्रभारी बनाये जाने पर बसपा कार्यकर्ताओ में अति उत्साह व प्रसन्नता की लहर है। पूर्व राज्यमंत्री डा. अशोक गौतम के नगर आगमन पर कई सेक्टर प्रभारियो सहित जनपद के प्रमुख बसपा नेताओ ने श्री गौतम का सोहबतियाबाग में भव्य स्वागत किया जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य सेक्टर प्राभारी अतुल कुमार टीटू, एड. रविन्द्र गांधी, डा. एसपी सिद्धार्थ, जीडी गौतम, पूर्व मण्डल सेक्टर प्राभारी एड. रामबृज गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष अभिषेक गौतम, डा. आरपी गौतम, सत्येन्द्र गौतम, विक्रम सिंह, बहादुर राम, बैभव सिंह, रोहित चौधरी, संतोष हेला, तिलक राज बौद्ध, महेन्द्र दीवान, गुलाब सिंह, अनिल चंडी, रामलाल गौतम, हीरालाल बौद्ध, हुबलाल, रामनरेश, संतलाल, भोला, शशि सिद्धार्थ, सौरभ कुमार, सार्थक कुमार, अंकित कौशल, आदि प्रमुख बसपा नेता उपस्थित रहे।

न्यूज झरोखा

चका भीम बाबा मेले में कबड्ड़ी प्रतियोगिता काआयोजन

उतरांव प्रयागराज। हंड़िया तहसील के चका गांव में स्थित भीम बाबा का मेला रविवार को हुआ लोग भीमबाबा का दर्शन और पूजा अर्चना कर अपनी मन्नायते पूरी की।चका गांव में रविवार को भीम बाबा के नाम पर हर साल एक भब्य और ऐतिहासिक मेले का आयोजन होता है।भीम बाबा मेले आये दूरदराज के लोग मेले में खरीददारी कर मेले का खूब आनंद उठाते हुए व चलते फिरते नजर आए वही मेले में छोटे छोटे बच्चे झूले पर झुलाते व खिलौने खरीददाते नजर आए।और मेले आये सभी लोगो को मेला कमेटी की तरफ से बार बार हिदायत दी जा रही थी।कोरोना गाइड लाइन का पालन जरूर करे और बिना मास्क पहने हुए लोग मेले में न आये ।ताकि कोरोना जैसी बीमारी से बचा जा सके।और वही हर साल की भांति इस साल भी कबड्ड़ी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया कबडडी प्रतियोगिता में कुल 9 टीम प्रतिभाग लिया।कबड्ड़ी प्रतियोगिता में सैदाबाद की टीम विजेता बनी विजेता टीम कैप्टन पंकज तिवारी और उपविजेता सरायबनशी रही उपविजेता टीम के कैप्टन मो0 सैफ रहे ।दोनों टीम के कैप्टन को अध्यक्ष बलवन्त पटेल की तरफ से ट्राफी देकर सम्मानित किया।इस मौके पर प्रधान सुनील कुमार,लल्लूराम गौतम,दिनेश गुप्ता,अनिल गुप्ता,डॉ0 कौशर,जय सिंह ,संतोष,प्रदीप,आदि लोग मौजूद रहे।

अपनादल कमेरावादी का राष्ट्रीय अधिवेशन 22सितंबर को अलोपी बाग में

जसरा। अपना दल कमेरावादी के राष्ट्रीय अधिवेशन 22सितंबर को जनपद के सरदार पटेल सेवा संस्थान अलोपीबाग मे होना हैं जिसकी व्यापक तैयारियां बारा विधानसभा मे दिख रहीं हैं। पार्टी के जिला अध्यक्ष रमेश चंद्र पटेल एवम मिडिया प्रभारी बारा विधानसभा सुशील कुमार पटेल के संयुक्त नेतृत्व मे क्षेत्र के काँटी, बूँदावा, जसरा, मनकवार, बारी बजहिया, सेमरा समेत दर्जनों गावों मे जनसम्पर्क कर राष्ट्रीय अधिवेशन को सफल बनाने का प्रयास किया जा रहा हैं इस अवसर पर बारा विधानसभा के मिडिया प्रभारी सुशील कुमार के मुताबिक आगामी विधानसभा चुनाव मे अपनादल कमेरावादी पार्टी एक बड़ी पार्टी के रूप मे उभरने जा रहीं इसी प्रयास को सफल बनाने के लिए पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन 22सितंबर को आयोजित किया गया हैं जिसकी मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कृष्णा पटेल होंगी। एक प्रश्न के जवाब मे सुशील ने यह भी बताया कि वर्तमान सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से आम जनता त्रस्त हों चुकी हैं जिसको आगामी विधानसभा के आम जनता उखाड़ फेकेंगी। युवा नेता सुशील पटेल पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पल्ल्वी पटेल को अपना आदर्श मानते हैं।

मां सेवा संस्थान के सदस्यों नें चलाया स्वच्छता अभियान

करछना। प्रत्येक सोमवार की भांति इस सोमवार को भी मां सेवा संस्थान परिवार के द्वारा कुशगढ़ शिव मंदिर पर चलाया गया स्वच्छता अभियान । माँ सेवा संस्थान रोकडी करछना प्रयागराज के सौजन्य से विगत सावन माह के पूर्व से लगातार कुशगढ मे स्थित शिव मंदिर से लेकर पूरे प्रांगण में साफ सफाई और सौन्दर्रीय कारण करा कर प्राचीन मंदिर को शोभाय मान रुप प्रदान कर मंदिर की गरिमा को बढाने में सराहनीय कार्य किया है । इस पुण्य कार्य में सुभाष आदिवासी, विनोद ठाकरे, हिटिल कुमार, विनोद आदिवासी, सूरज यादव, युवाओ का प्रयास सराहनीय रहा है ।

भागवत कथा श्रवण करने से कई जन्मों के पापों से मिलती है मुक्ति : हरिप्रप्नाचार्य जी महाराज

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। भाजपा नेता विद्याकांत सांवरे लाल तिवारी के निवास खपटिहां तिवरान सैदाबाद में आयोजित भागवत कथा के पांचवे दिनकथा व्यास जगद्गुरू रामानुजा चार्य भागवता चार्य हरि प्रप्नाचार्य महाराज जी ने पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। महाराज श्री ने कहा कि धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है।परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। माता यशोदा जब भगवान श्री कृष्ण को पूतना के वक्षस्थल से उठाकर लाती है उसके बाद पंचगव्य गाय के गोब, गोमूत्र से भगवान को स्नान कराती है। सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है।इसके पूर्व कथा में जब भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ पांडाल में चारों ओर उल्लास छा गया। सुरीले भजन से पूरा पंडाल गूंज उठा जैसे-जैसे श्री कृष्ण जन्म की झांकी श्रद्धालुओं के बीच से होकर कथास्थल पर बने मंच तक पहुंची श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण पर पुष्प की वर्षा की जिससे पूरा पंडाल भक्तिमय हो गया।श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया इस दौरान प्रहलाद चरित्र का भी वर्णन किया गया प्रवचन करते हुए कहा कि प्रहलाद जैसा कोई प्रभु का भक्त इस दुनिया में पैदा नहीं हुआ। वे प्रभु के प्रति अथाह श्रद्धा रखते थे।इसलिए आज भी उन्हें याद किया जाता है। महाराज ने कथा का रसपान कराते हुए श्रद्धालुओं को कहा कि मनुष्य को सोच-समझकर बोलना चाहिए। बोलने व लिखने से पहले चिंतन करना चाहिए क्या लिखने जा रहे हैं उसे समझ लें और क्या बोलने जा रहे हैं उसके विषय में सोच लें, तभी जाकर कुछ भी बोले व लिखें। इस अवसर पर यज्ञाचार्य पंडित रामराज शास्त्री, यजमान कृष्णकांत तिवारी, सोनपत्ती देवी, रमाकांत, शीला देवी, मनीष तिवारी सहित सैकड़ो ग्रामीण मौजूद रहे।

करछना और बबुरा में वैक्सीनेशन कैम्प में दिखा भारी उत्साह

अखंड भारत संदेश

करछना। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना की वैक्सीनेशन टीम नें करछना और बबुरा में वैक्सीनेशन शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें वैक्सीनेशन कराने वालों कीं भारी भीड़ जुटी । भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को भी मोर्च सँभालने में मुसतैदी दिखानी पडी ।करछना प्राथमिक विद्यालय में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर में कुल चार सौ लोगों नें कराया वैक्सीनेशन इस मौके पर करछना प्रधान प्रतिनिधि अवतार किशन सिंह एडवोकेट एवं अध्यक्ष प्रधान संघ करछना नें वैक्सीनेशन शिविर सराहनीय योगदान दिया। इसी क्रम में बबुरा नटका में आयोजित वैक्सीनेशन शिविर में पांच सौ लोगों नें कराया वैक्सीनेशन यहाँ भी लोगों का भारी उत्साह दिखा ।इस मौके पर जिला महा मंत्री डाक्टर धर्मेंद्र कुमार सिंह, व प्रधान निर्मल कुमार सिंह का सराहनीय प्रयास रहा ।ग्रामीणों ने वैक्सीनेशन प्रभारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र करछना के अधीक्षक नवीन कुमार गिरि का आभार जताया।

करछना व बबुरा में वैक्सीनेशन कराते लोग।

करछना व बबुरा में वैक्सीनेशन कराते लोग।

मर्रो गां में वैक्सीन लगवाने के लिए उमड़ी भीड़

धनूपुर। धनूपुर ब्लॉक क्षेत्र के मर्रो गाँव में ब्लॉक की स्वास्थ्य टीम द्वारा कोविड टीकाकरण कैंप लगाकर सैकड़ों ग्रामीणों का टीकाकरण किया गया।जिसमें गाँव के बजुर्ग, महिलाएं, नौजवान सभी ने टीकाकरण करवाया।शुरू में भीड़ अनियंत्रित थी लेकिन बाद में सब व्यवस्थित होकर लाइन में खड़े होकर टीकाकरण करवाया।सहयोग में प्रधान राकेश यादव, आशीष तिवारी, स्वास्थ्य टीम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।प्रधान ने बताया कि कोविड टीकाकरण हेतु कैंप लगवाया गया जिसमें ग्रामीणों ने पहुंचकर टीकाकरण करवाया यह क्रम चलता रहेगा ताकि समस्त लोगों का टीकाकरण हो सके।

पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र सहित तीन लोगों ने थामा आप पार्टी का दामन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। सर्किट हाउस में रविवार को आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह के समक्ष भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामरक्षा द्विवेदी के पुत्र शिव प्रकाश द्विवेदी, अनुसूचित जाति आयोग के पूर्व निदेशक पूर्व आईएएस अधिकारी और कांग्रेस के नेता कन्हैयालाल के अलावा सपा नेता जमाल अफजल ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान तीनों नेताओं के बड़ी संख्या में समर्थकों ने भी आप की सदस्यता ग्रहण की। तीनों नेताओं ने संजय सिंह, आप के प्रदेश अध्यक्ष सभाजीत सिंह और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य डॉ. अल्ताफ के प्रति आभार जताया। कहा कि आप पार्टी मूलभूत मुद्दों की राजनीति करती है। उत्तर प्रदेश के प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि आगामी 30 सितंबर को दिल्ली के उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया प्रयागराज आ रहे हैं। वह यहां के शिक्षाविदों के साथ रुबरू होंगे। सिंह ने आगे कहा कि प्रयागराज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक धार्मिक, आध्यात्मिक और शैक्षिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण व ऐतिहासिक नगरी है। मनीष सिसोदिया यहां आकर शिक्षा पर बात करेंगे और यूपी में शिक्षा का क्या मॉडल हो इस पर लोगों से विचार लेंगे।

पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र समेत तीन लोगों ने थामा आप पार्टी का दामन

भाजपा पिछड़ा मोर्चा यमुनापार ने बनाए 20 मंडल अध्यक्ष

घूरपुर। भाजपा ने मिशन 2022 को लेकर अपनी जमीनी पकड़ मजबूत करने के लिए विषेश रुप से अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार ने बीस मंडल अध्यक्षों को नियुक्त कर स्थानीय स्तर पर धार तेज कर दी है। मीडिया प्रभारी आर के शर्मा ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष विभवनाथ भारती व पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार के जिला अध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल ने संयुक्त रूप से पिछड़ा वर्ग मोर्चा यमुनापार मे 20 नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों की सूची जारी कर मिशन 2022 का उत्तरदायित्व सौंपा है। बीस मंडल अध्यक्षों मे शंकरगढ़ मंडल अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, नारीबारी अतर सिंह,जसरा शंकर लाल गुप्ता, संत लाल शर्मा मनाकामेश्वर, कृष्ण कुमार बिंद कौंधियारा, नागेंद्र कुमार मौर्य कोरांव, बुद्दसेन सिंह अयोध्या, श्री कांत कुशवाहा लेडियारी, राधिका प्रसाद पाल कोहड़ार, चंद्र प्रकाश मौर्य बड़ोखर, दिनेश यादव करछना, अखिलेश पटेल चाका, अभिषेक सिंह भीरपुर, रमेश पटेल भड़ेवरा, बलवंत कुमार सिंह पटेल सोमेश्वर महादेव, कमलेश विश्वकर्मा मेजा, योगेंद्र पाल मांडा, जैलेंद्र पाल उरुवा, विमलेश कुशवाहा, सिरसा, दीनानाथ पटेल दिघिया से मंडल अध्यक्ष बनाए गए है। जो सरकार के विकास कार्यों की बखूबी जानकारी जन जन तक पहुंचाने और पिछड़ा वर्ग के लोगों की समस्यायों को निदान करवाने और सरकार तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। तथा सरकार के योजनाओं से लाभाविन्त करवा जनाधार बढ़ा पार्टी को मजबूत बनाएंगे।

बुजुर्गों का अनुभव भावी पीढ़ी के लिए मार्गदर्शन

अखंड भारत संदेश

सहसों। क्षेत्र के उमरीमय टटिहरा गांव में साईं नाथ मंदिर के स्थापना दिवस पर संस्थापक डॉ अरुण कुमार मिश्र के द्वारा बुजुर्गों एवं दिव्यांग जनों का सम्मान एवं आर्थिक मदद के लिए एक समारोह आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि सेंट्रल एकेडमी के डायरेक्टर एसके तिवारी ने अपने संबोधन में कहा बुजुर्गों का अनुभव आने वाली भावी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक है। बुजुर्गों का सम्मान समाज के नवनिर्माण एवं समाज सुधार के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा सेवा भाव में सर्वधर्म समभाव की भावना दिखाई दे रही है जो हमारी भारतीय संस्कृति की परंपरा व पहचान है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल कृष्ण द्विवेदी उर्फ राजा बाबू ने कहा बुजुर्गों के सम्मान के साथ गांव के गरीब असहाय एवं दिव्यांग जन की मदद करना एक बहुत पुनीत कार्य है। जिसका अनुसरण समाज के हर सक्षम व्यक्ति को करना चाहिए । शिक्षक मदन मोहन मिश्र ने कहा समाज में पिछड़े व असहायों की मदद कर उन्हें आगे बढ़ाना ही साईं बाबा की सच्ची सेवा है। जिसका अनुसरण डॉ एके मिश्र बखूबी से कर रहे हैं। जो सराहनीय है। इस मौके पर गांव के एक दर्जन से अधिक गरीब, असहाय, दिव्यांग जनों को वस्त्र एवं आर्थिक मदद कार्यक्रम संयोजक डॉ एके मिश्र द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर ग्राम प्रधान प्रदीप यादव ने मुख्य अतिथि सहित सभी अतिथियों का स्वागत अभिनंदन करते हुए आभार ज्ञापित किया। अंत में प्रसाद का वितरण भी किया गया। इस मौके पर अशोक मिश्रा, शिवाकांत, आरपी त्रिपाठी, उमेश मिश्रा, पद्मधर द्विवेदी, अनुपम कृष्ण द्विवेदी, डॉ आशुतोष मिश्रा, अवधेश यादव, अनिल जायसवाल, अर्पित मिश्रा,सुरेश मिश्रा, राजकिशोर पाल, सीताराम यादव ,डॉ विनय मिश्रा, डॉ मदन कुमार, लालजी पांडे आदि उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

हरिद्वार कुंभ मेले में पहली बार बने महात्मा, 2004 में मिली मठ बाघंबरी गद्दी की महंताई

प्रयागराज। मूलरूप से प्रयागराज के ही हंडिया के रहने वाले तकरीबन 60 वर्षीय महंत नरेंद्र गिरि का 20 वर्ष की उम्र में एक साधु के तौर पर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी से नाता जुड़ा था। वह हरिद्वार के कुंभ मेले में ही पहली बार महात्मा और फिर अखाड़े की परंपरा के अनुसार नागा संन्यासी बने। इसके बाद वह बतौर सेवादार राजस्थान के खीरम स्थित अखाड़े के आश्रम में रहे। वर्ष 1998 में हरिद्वार में ही वह अखाड़े के अष्टकौशल में कारबारी यानी उप महंत के रूप में चुने गए। फिर वर्ष 2001 में वह अष्टकौशल के श्रीमहंत बने। मठ बाघंबरी गद्दी के महंत भगवान गिरि के नहीं रहने पर उन्हें उनका उत्तराधिकारी घोषित करते हुए वर्ष 2004 में मठ का महंत बनाया गया। वर्ष 2015 में उज्जैन कुंभ के दौरान अखाड़े की ओर से पहले उन्हें सचिव बनाया गया और फिर उज्जैन कुंभ में ही वह अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष बने।निरंजनी अखाड़े के हरिद्वार के सचिव महंत रविंद्रपुरी के मुताबिक अखाड़े के चार सचिवों में से महंत नरेंद्र गिरि अखाड़े के प्रयागराज के सचिव थे। प्रयागराज के दूसरे सचिव महंत ओंकार गिरि हैं। वहीं निरंजनी अखाड़े के हरिद्वार के दूसरे सचिव महंत रामरतन गिरि हैं। निरंजनी अखाड़े का है लेटे हुए हनुमान मंदिर त्रिवेणी बांध स्थित लेटे हुए हनुमान जी का मंदिर पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के मठ बाघंबरी गद्दी के ही क्षेत्राधिकार के तहत है। ऐसे में मठ बाघंबरी गद्दी का महंत बनने के साथ ही नरेंद्र गिरि लेटे हुए हनुमान मंदिर के भी महंत थे।

महंत नरेन्द्र गिरी के निधन पर शोक की लहर

जसरा। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि महाराज के निधन से भारतीय जनता पार्टी यमुनापार के कार्यकताओं और साधु-संतो में शोक की लहर व्याप्त हो गई है। भाजपा यमुनापार जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने ब्रम्हलीन महंत नरेन्द्र गिरी महाराज के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। सनातन धर्म के आस्था के तारे का अस्त संत समाज की बडी क्षति है। भाजपा मंडल अध्यक्ष जगत नारायण शुक्ल, राजाबाबू सुपरी, प्रीतम केसरवानी, अशोक तिवारी, मीडिया प्रभारी आलोक पाठक,आलोक द्विवेदी, बच्चा मालवीय, भूपेन्द्र पाठक आदि लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित किया है।

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत, शिष्यों की भूमिका संदिग्ध

● पास से मिला 5 पन्ने का सुसाइड नोट ● प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ने जताया शोक

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि ने सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। उनका शव अल्लापुर स्थित बाघंबरी मठ स्थित उनके आवास में मिला। शाम को सूचना मिलते ही हड़कंप मच गया। पुलिस ने सूचना मिलते ही मठ को सीज कर दिया। जिले के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए थे। वहां से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है जिसमें उन्होंने अपने शिष्य आनंद गिरि पर परेशान करने का आरोप लगाया है। वहीं दूसरी आरे महंत नरेंद्र गिरि के शिष्य आनंद गिरि को पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। इसके साथ ही उन्होंने अपनी वसीयत की जानकारी भी इसी में दी। पुलिस का इस संबंध में कहना है कि वो अभी इसे विस्तार से देख रहे हैं और उसके बाद ही स्थिति को साफ किया जा सकेगा।

आपको बताते चलें कि संगम स्थित बड़े हनुमान मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक और अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि अल्लापुर स्थित बाघंबरी मठ स्थित आवास में रहते थे। सोमवार की शाम सेवादार उनके कमरे में पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। महंत नरेंद्र गिरि का शव फांसी पर लटक रहा था। पूरे मठ में हड़कंप मच गया। सूचना पर जिले के सभी आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने मठ को सीज कर दिया था। तथा मौके पर फोरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट भी जांच कर रही । डीएम ने लखनऊ में उच्चाधिकारियों को प्रारंभिक सूचना से अवगत कराया। महंत नरेंद्र गिरि हाल में ही अपने शिष्य आनंद गिरि से विवाद में चर्चा में आए थे। हालांकि वह विवाद आनंद गिरि के माफी मांगने के बाद खत्म हो गया था लेकिन मठ और मंदिर में आनंद का प्रवेश नहीं हो पाया था। इसके अलावा जाहिरा तौर पर कोई बड़ा विवाद अभी सामने नहीं आया।

वही जांच कर रहे अधिकारियों का कहना है कि सभी बिंदुओं पर जांच की जा रही है। उनका शव फांसी पर लटका मिला था। पोस्टमार्टम के बाद ही स्पष्ट होगा कि उनकी मौत कैसे हुई,आईजी केपी सिंह का कहना है कि नरेंद्र गिरि का शव फांसी पर लटका मिला। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही अंतिम रूप से कुछ कहा जा सकता है।



महंत नरेन्द्र गिरि की (फाइल फोटो)

शव आने पर बाघम्बरी मठ में उमड़ी लोगों की भीड़



घटनास्थल बाघम्बरी मठ पहुंचे डीआईजी/एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में फोर्स मौके पर पहुंची

एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार बताया सुसाइड नोट का सच

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि मौत के मामले में एडीजी कानून व्यवस्था प्रशांत कुमार का कहना है कि शव को महंत नरेंद्र गिरि के अनुयायिओं द्वारा दरवाजा तोड़ कर फंदे से उतारा गया है। सुसाइड नोट मिला है। जिस पर महंत के शिष्य आनंद गिरि की प्रताड़ना से परेशान होकर यह कदम उठाने की बात लिखी है।

महंत नरेंद्र गिरि की आत्महत्या का राज गहराया, बरामद सुसाइड नोट की जांच करेगी फॉरेंसिक विभाग

सुनील गिरि

प्रयागराज। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि सोमवार शाम की गई कथित खुदकुशी में नया खुलासा हुआ है। जिस कमरे में शव पंखे से लटकता मिला है, उसी कमरे से पांच पेज के सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है। आईजी केपी सिंह ने दावा किया है कि सुसाइड नोट में शिष्य आनंद गिरि से नाराजगी का भी जिक्र है। साथ ही अन्य शिष्यों के बारे में भी जिक्र है। पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि का शव सोमवार देर शाम प्रयागराज स्थित बाघंबरी गद्दी मठ में मिला। बताया जाता है कि सोमवार दोपहर में मठ में मौजूद शिष्यों व अन्य लोगों के साथ भोजन किया। इसके बाद वह आराम करने के लिए कक्ष में चले गए। शाम करीब पांच बजे तक कक्ष से बाहर न निकलने पर शिष्य दरवाजा खोलकर अंदर पहुंचे तो सन्न रह गए। शव पंखे से लटकता मिला। पुलिस को सूचना दी गई। आईजी केपी सिंह, डीआईजी/ एसएसपी सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी समेत बड़ी संख्या में फोर्स मौके पहुंची। पुलिस की मौजूदगी में ही फंदे से शव को नीचे उतारा गया। कक्ष की जांच पड़ताल के दौरान पुलिस ने पांच पेज का सुसाइड नोट बरामद किया। पुलिस का कहना है कि सुसाइड नोट में खुदकुशी की बात लिखी है।

पीएम मोदी ने दुख किया प्रकट संत समाज की बहुत बड़ी क्षति

अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष नरेंद्र गिरि जी का देहावसान अत्यंत दुखद है। आध्यात्मिक परंपराओं के प्रति समर्पित रहते हुए उन्होंने संत समाज की अनेक धाराओं को एक साथ जोड़ने में बड़ी भूमिका निभाई। प्रभु उन्हें अपने श्री चरणों में स्थान दें। ॐ शांति!!

सीएम योगी ने जताया दुख, बताया अपूरणीय क्षति

अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि जी का ब्रह्मलीन होना आध्यात्मिक जगत की अपूरणीय क्षति है। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्री चरणों में स्थान तथा शोकाकुल अनुयायियों को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें। ॐ शांति!

केशव प्रसाद मौर्य ने जताया दुख, बोले- मुझे विश्वास नहीं हो रहा

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कहना है कि उन्हें अभी भी विश्वास नहीं हो रहा है कि महाराज जी उनके बीच नहीं है। अगर उन्होंने यह कदम किसी के दवाब में उठाया है तो इतना पक्का है कि उस व्यक्ति को सजा जरूर मिलेगी।

अखिलेश यादव ने जताया दुख

महंत के निधन के बाद इस पर प्रतिक्रियाएं आना शुरू हो गई हैं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कर कहा कि अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष पूज्य नरेंद्र गिरि जी का निधन, अपूरणीय क्षति। ईश्वर पुण्य आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान व उनके अनुयायियों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। भावभीनी श्रद्धांजलि।

बरामद सुसाइड नोट में यह है जिक्र...

आईजी केपी सिंह ने मीडिया को बताया कि सुसाइड नोट में वसीयत के बारे में विस्तार से लिखा गया है, जिसमें दर्ज है कि किस शिष्य को कितना हिस्सा मिलेगा और क्या-क्या मिलेग? इसमें कई सीटों के बारे में तमाम बातें लिखी गई हैं। सुसाइड नोट में चर्चित शिष्य रहे आनंद गिरि का भी जिक्र है। पुलिस महानिरीक्षक केपी सिंह के मुताबिक बरामद सुसाइड नोट वह आनंद गिरि से दुखी थे। फोरेंसिक टीम को पत्र सौंप दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रकरण की गहनता से जांच की जा रही है। इसलिए अभी कुछ कहना उचित नहीं है। जांच पड़ताल के बाद समस्त सत्यता सामने आ जाएगी।

उलझे हैं सवाल, फॉरेंसिक विभाग करेगी जांच

खुदकुशी के पहले पांच पेज का सुसाइड नोट लिखना भी विवादों में है। सामान्य तौर पर खुदकुशी करने वाला व्यक्ति एक, डेढ़ या दो पेज का ही सुसाइड नोट लिखकर छोड़ता है। जिससे उसकी खुदकुशी के बारे में कुछ जानकारी मिल सके। सूत्रों पर यदि हम यकीन करें तो खुदकुशी करने वाले की मानसिक स्थिति ऐसी नहीं होती कि वह फांसी के फंदे पर लटकने के पहले पांच पेज का सुसाइड नोट लिखे। फिलहाल, अब जांच पुलिस के पास है। फॉरेंसिक टीम देखेगी कि सुसाइड नोट में दर्ज राइटिंग अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि की लिखावट से मेल खाती है या नहीं। या तो जांच के बाद ही सत्य सामने आ पाएगा।

आनंद गिरि से था विवाद

गौरतलब है कि अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष आनंद गिरि सबसे करीबी शिष्य का नाम रहा है। संगम किनारे बड़े हनुमान जी मंदिर की व्यवस्था को देखने का काम भी वही करते थे। बीते कुछ वर्ष पूर्व विदेशी यात्राओं को लेकर भी आनंद गिरि अक्सर चर्चा में रहे हैं। उनका आस्ट्रेलियाई दौरा तो सोशल मीडिया सुराखियों में रहा है। फिलहाल, करीब साल भर पहले गुरु- शिष्य में संपत्ति विवाद को लेकर भारी टकराव हुआ। दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ मीडिया के जरिए तमाम आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए थे। नरेंद्र गिरि ने आनंद गिरि को मत से बाहर का रास्ता भी दिखा दिए थे। आनंद गिरि के माफी मांगने के बाद विवाद शांत हो गया था, लेकिन गुरु-शिष्य अलग-अलग ही रहते हैं।

सीबीआई जांच की मांग

महंत नरेंद्र गिरि की खुदकुशी की जानकारी होने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव समेत बड़ी संख्या में लोगों ने दुःख प्रकट किया है। वहीं आम आदमी पार्टी के उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह ने शोक जताते हुए इस पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है। हिन्दूवादी नेता स्वामी चक्रपाणि ने इसे हिन्दुओं का बड़ा नुकसान बताया है। साथ ही बड़ी जांच की मांग भी उठाई है।

जीआरपी जवान ने टॉयलेट में खुद को मारी गोली, मौत

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। प्रयागराज में जीआरपी के हेड कॉन्स्टेबल चिंतामणि यादव ने सोमवार को पुलिस लाइन में अपनी सरकारी पिस्टल से खुद को गोली मार ली। हेड कांस्टेबल का शव पुलिस लाइन के टॉयलेट में मिला है। कानपुर में उनकी तैनाती थी और वह एस्कॉर्ट ड्यूटी में प्रयागराज आए थे। चिंतामणि ने यह कदम क्यों उठाया, इस बारे में अभी न तो पुलिस को कोई जानकारी है और न ही परिवार के लोग कुछ बता पा रहे हैं। खुल्दाबाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सूत्रों का कहना है कि चिंतामणि छुट्?टी न मिलने के चलते डिप्रेशन में थे। कानपुर जीआरपी सीओ कमरुल हसन का कहना है कि आत्महत्या के कारण का पता लगाया जा रहा है। अवकाश नहीं मिलने का मामला उनके संज्ञान में नहीं है।

मांडा का रहने वाले थे चिंतामणि

चिंतामणि यादव प्रयागराज के मांडा के रहने वाले थे। उनकी एस्कॉर्ट ड्यूटी अजमेर शरीफ कानपुर से मुगलसराय लगी थी। ट्रेन के साथ वापस कानपुर जाना था। वह प्रयागराज जीआरपी पुलिस लाइन के बैरक नंबर 2 में रुके हुए थे।चिंतामणि ने जब खुद को गोली मारी, तो आवाज सुनकर वहां मौजूद लोग शौचालय की ओर दौड़ पड़े। टॉयलेट का दरवाजा तोड़कर अंदर देखा, तो वह खून से लथपथ जमीन पर तड़प रहे थे। कुछ ही पल में उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही एसपी जीआरपी एसएस मीणा भी घटनास्थल पर पहुंच गए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से घटना के पीछे की वजह जानने को निर्देश दिया। इसकी जांच की जा रही है।

परिजन भी खुदकुशी के कारणों से अनजान

थाना खुल्दाबाद इंस्पेक्टर वीरेंद्र यादव ने बताया कि डेड बॉडी पुलिस ने पंचायत नामा और विधिक कार्रवाई के लिए एसआरएन हॉस्पिटल भेजी है। परिजनों ने पूछताछ की गई है, लेकिन वे भी सही कारण नहीं बता पा रहे हैं।

सर्पदंश से युवती की मौत, घर में मचा कोहराम

मेजा रोड। मेजा थाना क्षेत्र के जेवनिया पुलिस चौकी अंतर्गत रसोई में खाना बनाते समय जहरीले सर्पदंश से युवती मौत हो गई जिसे लेकर परिजनों में कोहराम मचा रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामजी जयसवाल उर्फ नाटे की इकलौती पुत्री गुड़िया (20) रसोई में खाना बना रही थी उसी समय बार्जे पर रखे डिब्बे को निकालने गयी गई तभी जहरीले सर्प ने उसे काट लिया जिससे उसकी मौत हो गई।सूचना पर जेवनिया चौकी प्रभारी आशीष कुमार चौबे मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया। वही युवती के आकस्मिक मौत पर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

हत्या का खुलासा कर पूरामुफ्ती पुलिस ने ली राहत भरी सांस

पत्नी ने आशिक के साथ मिलकर भाड़े के गुंडों को दी थी हत्या की सुपारी

अवैध संबंध में बाधक बन रहे पति को आशिक के साथ मिलकर पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। अय्यास बीवी के अवैध संबंध में बाधक बन रहे राम मगन पटेल को रास्ते से हटाने के लिए उसकी पत्नी ने अपने आशिक के साथ मिलकर हत्या की साजिश रचकर बीते 12 सितंबर को राम मगन को मौत की नींद सुला दी पुलिस के द्वारा कड़ी पूछताछ के दौरान पत्नी ने आशिक के साथ मिलकर राम मगन की हत्या की साजिश रचने की बात स्वीकार किया।

पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर देह माफी गांव के समीप रेलवे क्रासिंग के पास शूटरों ने 12 सितंबर के दिन राम मगन पटेल को घर जाते वक्त गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी राम मगन पटेल की सरेराह हत्या हो जाने से क्षेत्रीय लोगों के बीच दहशत का माहौल बना हुआ था क्षेत्र में हत्या हो जाने से हत्या का खुलासा करना और हत्यारों को ढूंढ पाना स्थानीय पुलिस के समक्ष बड़ी चुनौती खड़ी थी। राम मगन पटेल की हत्या का खुलासा करने के लिए स्थानीय पुलिस ने सगे संबंधियों सहित दर्जन भर संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ की जिसके दौरान पता चला की राम मगन पटेल की हत्या कोई और नहीं बल्कि उसकी अय्यास बीवी ने अवैध संबंध में बाधक बन रहे राम मगन को आशिक के साथ मिलकर भाड़े के शूटर को राम मगन की हत्या करने के लिए पांच लाख रुपए की सुपारी दी थी जिसका खुलासा करते हुए पूरामुफ्ती पुलिस ने हत्या में शामिल सभी लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ लिखा - पढ़ी कर जेल भेज दिया है । पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र में हत्या हो जाने के बाद स्थानीय पुलिस के हांथ - पांव फूल आए थे जिसका खुलासा स्थानीय पुलिस एक हफ्ते के अंदर करके राहत भरी सांस ली है। जानकारी के अनुसार पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर मिजार्पुर गांव निवासी राम मगन पटेल की बीवी रोमा देवी का उसके मायके के एक व्यक्ति से काफी समय से नाजायज संबंध चला आ रहा था जिसकी जानकारी होने पर राम मगन पटेल काफी विरोध किया करता था। प्रतिदिन विरोध करने से आजिज आकर रोमा और उसके प्रेमी ने पूरामुफ्ती थाना क्षेत्र के भाड़े के गुंडों को पांच लाख रुपए की सुपारी देकर राम मगन पटेल की हत्या करा दी थी।

हत्या का खुलासा करती पुलिस टीम

सोमेश्वर महादेव मुंदिर में पूजा अर्चन करते शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती

जगद्गुरु शंकराचार्य वासुदेवानंद सरस्वती ने सोमेश्वर महादेव मंदिर में की पूजा-अर्चना

नैनी /करछना। जगद्गुरु शंकराचार्य एवं राम जन्मभूमि न्यास के सदस्य वासुदेवानंद सरस्वती ने अरेल स्थित सोमेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया और प्रार्थना की कोरोना जैसी महामारी खत्म हो और इसके साथ ही प्रति वर्ष होने वाले माघ मेला के संबंध में भक्तों ने उन्हें प्रार्थना पत्र दिया की सोमेश्वर महादेव घाट को भी माघ मेले में सम्मिलित किया जाय एवं शिव भक्तों के लिए बारादरी का निर्माण कराया जाए इस अवसर पर अमन मिश्रा,राहुल मिश्रा,शैलेन्द्र पूरी , राजेन्द्र पूरी,दिवांशु,विक्रांत शर्मा सहित प्रयागराज के प्रतिष्ठित समाजसेवी सरदार पतविंदर सिंह भी उपस्थित रहे।

दिसंबर तक पूरे प्रदेश के जमीन संबंधी सभी रिकार्ड होंगे डिजिटल : रविंद्र जायसवाल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। स्टांप तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन स्वतंत्र राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने प्रयागराज में सोमवार को कहा पिछले साढ़े चार साल में स्टांप विभाग का राजस्व डेढ़ गुना तक बढ़ा है। इसका सबसे बड़ा कारण प्रदेश सरकार की ओर से पब्लिक हित को देखते हुए जटिल प्रक्रिया को सरल बनाना है। इसी के तहत अब प्रदेश सरकार 20 वर्षों के जमीन संबंधी समस्त रिकार्ड डिजिटल करने जा रही है। इससे आमजन कभी भी किसी भी जमीन का स्टेटस जान सकेगा। इससे धोखाधड़ी व जालसाजी रुकेगी। वह सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

सर्किट हाउस में पत्रकारों से बात करते मंत्री रवीन्द्र जायसवाल

अब 48 घंटे में मिलने लगा है स्टांप बेचने का लाइसेंस

उन्होंने बताया कि पहले स्टांप बेचने का लाइसेंस बहुत जटिल होता था। इससे लोगों को चाहते हुए भी रोजगार नहीं मिल पाता था। लेकिन अब आधार कार्ड की फोटोकापी व एक हलफनामा देने के बाद 48 घंटे में स्टांप शुल्क बेचने का लाइसेंस मिल जाता है। जिस से पूरे प्रदेश में युवाओं को नए अवसर मिले। अब तक पांच हजार से ज्यादा युवा इस क्षेत्र से जुड़कर रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बाराबंकी, अंबेडकर नगर व श्रवस्ती के दस्तावेजों को पूरी तरह से डिजिटल किया जा चुका है।

अभियान चलाकर वाहनों की जांच पड़ताल करती पुलिस।

अभियान चलाकर वाहनों की हुई चेकिंग, हड़कंप

मेजा रोड। कोतवाल मेजा अरुण कुमार चतुर्वेदी के नेतृत्व में दो पहिया वाहनो के लिए चेकिंग अभियान चलाया गया जिसे लेकर वाहन स्वामियों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत एसएसपी प्रयागराज सर्वश्रेष्ठ त्रिपाठी के निर्देश पर सोमवार को कोतवाल मेजा अरुण कुमार चतुर्वेदी व चौकी प्रभारी मेजारोड पंकज त्रिपाठी के नेतृत्व में पटेल नगर चौराहे पर दो पहिया वाहनों का चेकिंग अभियान चलाया गया भारी संख्या में पुलिस को देख कर वाहन स्वामी इधर-उधर भागते नजर आए। वहीं थाना प्रभारी ने बगैर हेलमेट तथा बाइक पर तीन सवारी बैठे लोगों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाने की सलाह दी और चार पहिया वाहन स्वामियों को सीट बेल्ट बांधने के लिए प्रेरित किया ।चेकिंग के दौरान भारी संख्या में पुलिस बल को देखकर बाजार में थोड़ी देर के हड़कंप की स्थिति बनी रही।

अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष ने चौपाल लगाकर सुनी समस्याएं

चौपाल में दिये आवश्यक दिशा निर्देश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष रामनरेश पासवान ने विकास खण्ड लालगंज अन्तर्गत ग्राम रागौली, ज्ञानीपुर, पहाड़पुर में चौपाल लगाकर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं का सुना एवं उसके निराकरण हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होने इस दौरान चौपाल में केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि प्रदेश सरकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित कर रही है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर शासन द्वारा किया जा रहा है। केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जो भी योजनायें संचालित की जा रही है उसका लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को अवश्य मिल रहा है। उपाध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों से कहा कि शासन द्वारा जो भी ग्रामसभाओं में पैसा भेजा जा रहा है उसे सही ढंग से विकास कार्यो में लगाया जाये और सम्बन्धित व्यक्तियों को समुचित व्यवस्थायें सुनिश्चित करायी जाये। राजस्व विभाग से सम्बन्धित जो भी प्रकरण लम्बित हो उसका शीघ्र जांच कराकर निस्तारण कराया जाये। उन्होने उपस्थित अधिकारी एवं ग्राम प्रधान को निर्देशित किया कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों को समस्त सुविधायें मुहैया करायी जाये चाहे वह बिजली हो, आवास योजना हो, राशन वितरण हो, शौचालय, नाली निर्माण आदि। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य एवं क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद का चतुर्थ दायित्व ग्रहण समारोह सम्पन्न

विभिन्न आयामों एवं उपयोगितावादी कार्यों से कराया गया अवगत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। भारत विकास परिषद विशाल का चतुर्थ दायित्व ग्रहण समारोह संपन्न देश की प्रमुख समाजिक संस्था भारत विकास परिषद विशाल का चतुर्थ दायित्व ग्रहण समारोह नगर के तमाम बुद्धिजीवी और मनीषियों के समक्ष उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ।

भारत विकास परिषद के राष्ट्रीय मन्त्री सुदीप टंडन, राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री मुकेश जैन, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा आर बी श्रीवास्तव, प्रो. चन्दा श्रीवास्तव ने प्रदेश एवं देश में परिषद के विभिन्न आयामों एवं उपयोगितावादी कार्यों से उपस्थित सदस्यों एवं अतिथियों को अवगत कराया। प्रांतीय उपाध्यक्ष प्रताप बहादुर कुन्दनानी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन डा. पीयूष कान्त शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ

शाखा अध्यक्ष उदय भानु सिंह, प्रांतीय महासचिव सुनील धवन, प्रांतीय अध्यक्ष निशा जायसवाल, राष्ट्रीय मन्त्री सुदीप टंडन, राष्ट्रीय संयुक्त महामन्त्री मुकेश जैन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डा. आर बी श्रीवास्तव द्वारा किया गया। सचिव गिरजा शंकर मिश्र ने परिषद के विगत दो वर्षों के कार्यकलापों से उपस्थिति जन को अवगत कराया। इस अवसर पर संस्था में नये सदस्यों एस के सिंह, उमेश प्रताप सिंह, डा क्षितिज श्रीवास्तव, श्रीमती अरुणा खंडेलवाल को सुनील धवन द्वारा दीक्षा दी गई। परिषद की नवीन कार्यकारिणी का शपथग्रहण निशा जायसवाल द्वारा कराया गया। नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष डी. एन. चड्ढा, सचिव गोविंद खंडेलवाल, कोषाध्यक्ष डा. पियूष कान्त शर्मा, उपाध्यक्ष डा. बृज भानु सिंह एवं गिरिजा शंकर मिश्र, सह सचिव शरद केसरवानी, कार्यक्रम संयोजक अश्वनी कुमार केसरवानी, महिला संयोजिका पुष्पांजलि शुक्ला, पूनम केसरवानी, अनामिका उपाध्याय, मीडिया संयोजक शिशिर खरे एवं संजीव आहूजा को उनके कार्य व दायित्वों से प्रांतीय अध्यक्ष निशा जायसवाल ने अवगत कराया। समारोह में इं. राकेश शुक्ला, मन्जू धवन, प्रमोद केसरवानी, कविता शरद केसरवानी, श्रद्धा सिंह, अरूण जायसवाल, नमिता पाण्डेय, ज्योति श्रीवास्तव, डा. चक्रपाणि उपाध्याय, शिशिर खरे, शिव नंदन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ के मंत्री राजेश तिवारी ने घोषित किया नीरज को सदर का प्रत्याशी

जिला कांग्रेस कमेटी की समीक्षा बैठक सम्पन्न

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश कांग्रेस के निर्देश पर प्रतापगढ़ सदर विधानसभा की समीक्षा बैठक कांग्रेस सेवा दल कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी एवं संचालन शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष इरफान अली ने किया। समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश एवं कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन राजेश तिवारी मौजूद रहे।

समीक्षा बैठक में राजेश तिवारी ने कहा कि प्रियंका गांधी

के निर्देश पर 248 प्रतापगढ़ विधानसभा क्षेत्र से डॉ0 नीरज त्रिपाठी को कांग्रेस पार्टी का प्रत्याशी घोषित किया जाता है। समीक्षा बैठक में राजेश तिवारी द्वारा सभी ब्लॉक न्याय पंचायत एवं ग्राम पंचायत कमेटियों के विषय में समीक्षा किया एवं सख्त निर्देश देते हुए कहा जो कमेटी नहीं बन पाई है सप्ताह के भीतर कमेटियों का गठन कर जिला कांग्रेस कार्यालय पर जमा करने का निर्देश दिया। विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी वीरेंद्र चौधरी ने सभी कार्यकर्ताओं से ग्रामसभा स्तर पर पार्टी को मजबूत किए जाने का आवाहन किया। प्रदेश महासचिव जयकरण वर्मा ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत किए जाने का कार्य किया जा रहा है। कांग्रेस सेवादल जिला अध्यक्ष महेंद्र शुक्ला ने आए हुए अतिथियों एवं कार्यकर्ताओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ0 लालजी त्रिपाठी ने कहा कि ब्लॉक कमेटी, न्याय पंचायत कमेटी का गठन किया जा चुका है। ग्रामसभा स्तर पर गांव गांव बैठक व सभा कर लोगों को पार्टी से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। बैठक में मुख्य रूप से यूथ कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरज त्रिपाठी, जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष नरसिंह प्रकाश मिश्रा, बृजेंद्र मिश्रा, पूर्व शहर अध्यक्ष कपिल द्विवेदी, डॉ वीके सिंह, डॉ. प्रशांत देव शुक्ला, वेदांत तिवारी, सूर्य प्रकाश शुक्ला, विजय शंकर त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, ज्योति कुमार तिवारी, उत्सव भूषण पाल आदि लोग मौजूद रहे।

जनकल्याणकारी योजनाओं का अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिला लाभ : सांसद

सांसद ने तुलसीसदन में लगायी गयी प्रदर्शनी का किया अवलोकन

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग द्वारा तुलसीसदन (हादीहाल) परिसर में लगायी गयी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकार द्वारा किये गये कार्यों की प्रदर्शनी अन्य विभिन्न विभागों द्वारा लगायी गयी।

प्रदर्शनी का सांसद संगम लाल गुप्ता ने अवलोकन किया। सांसद ने सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की लगायी गयी विकास परक एवं लाभार्थी परक योजनाओं की प्रदर्शनी की काफी प्रशंसा की। उन्होने इस दौरान कहा कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को मिल रहा है इससे लोगों के जीवन में खुशियां आयी है। बता दें कि यह प्रदर्शनी तुसलीसदन परिसर

में 20 सितम्बर से 22 सितम्बर तक लगायी गयी है। इस दौरान जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, सांसद प्रतिनिधि विवेक उपाध्याय, अभिषेक पाण्डेय व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। तुलसीसदन परिसर में चिकित्सा विभाग, पशुपालन विभाग, प्रोबेशन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, बेसिक शिक्षा विभाग, दिव्यांगजन विभाग, पंचायती राज विभाग की प्रदर्शनी लगायी गयी थी। सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग की एल0ई0डी0 वैन द्वारा प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

लाखों की लागत से बना सामुदायिक शौचालय में लटक रहा ताला

निरर्थक साबित हो रहे करोड़ों से बने शौचालय

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। विकास क्षेत्र कालाकांकर के अंतर्गत 62 ग्राम पंचायत के साक्षेप में अब तक 54 ग्राम पंचायतों में ही सामुदायिक शौचालय बनाया गया है जिसकी जियो टैगिंग भी हो चुकी है, फिर भी सामुदायिक शौचालय का उपयोग किसी गांव में नहीं शुरू हो सका है। जब कि शासन का आदेश है कि जिन गांवों में सामुदायिक शौचालय बनकर तैयार है, उनको स्वच्छ मिशन के तहत शुरू कर दिया जाय।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत कालाकांकर ब्लाक के ग्राम पंचायत परियावां में सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया गया है। शासन का मकसद था शौचालय बनेंगे तो जिनके पास सुविधा नहीं है, वह लोग इनका उपयोग कर सकेंगे। लेकिन जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय निर्माण सार्थक नहीं हो रहा।

सामुदायिक शौचालयों में लटक रहे ताले उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। अधिकतर ग्राम पंचायतों में बने शौचालय में ताला लगा दिया गया हैं। इसमें एक दिन भी जरूरतमंद को जाने का मौका नहीं मिला। लोग खुले में शौच जाने को विवश हैं। बारिश में तो बाहर जाना खतरनाक भी है, क्योंकि विषैले जीव जंतुओं का खतरा रहता है। वहीं, जिम्मेदार अधिकारी गांवों को जाना और जन सुविधाओं व समस्याओं को जानना नहीं चाहते। लिहाजा ब्लाक में करोड़ों रुपये खर्च कर बनाए गए शौचालय निरर्थक साबित हो रहे हैं। लगभग हर ग्राम पंचायत का यही हाल है। इन शौचालयों को बने कई माह बीत चुके हैं। लेकिन अभी तक इन शौचालय को चालू नही किया जा सका है। इस संदर्भ में जब सहायक विकास अधिकारी पंचायत संतोष कुमार शुक्ला से पूछा तो उन्होंने बताया कि 54 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय को हैंड ओवर कर दिया गया है जिसमें देखरेख के लिए स्वयं सहायता समूह के इच्छुक सदस्यों का चयन किया गया।

पूर्णिमा पर हजारों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

आज से पितृपक्ष शुरु

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़/परियावां। आज पूर्णिमा थी। मंगलवार से पितृपक्ष शुरु हो रहा है। अब 15 दिन तक कोई शुभ कार्य नहीं होंगे। पूर्णिमा के दिन जहां लोगों ने गंगा स्नान किया, वहीं आगामी पितृपक्ष के लिये तैयारी शुरु की गई। हिन्दू समाज में मंगलवार से 15 दिन तक अपने पितरों को जहां जल देंगे और उनकी तिथि पर पकवान बनाकर गरीबों को खिलाया जाएगा। सोमवार को पूर्णिमा के दिन टेढ़नों में भीड़ रही। ज्यादातर लोग फाफामऊ और प्रयाग घाट गये। कुण्डा क्षेत्र के कालाकांकर घाट पर स्नान करने वालों की भीड़ रही। पूर्णिमा के पर्व पर सोमवार को कालाकांकर में पवित्र गंगाजल में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया स्नान के बाद मां गंगा की पूजन अर्चन कर मंदिरों में भगवान का दर्शन किया। सोमवार से पितृ लगने से घर के बड़े बुजुर्ग लोगो ने अपने पूर्वजो को याद कर उनको लोटे में जल लेकर काला तिल व गुड़ डालकर अर्पित किया। इस दौरान लोगों की भारी भीड़ लगी रही। सुरक्षा ब्यवस्था नदारद रही क्योकि कालाकांकर राजभवन किनारे एक प्लाटून पड़ी पीएसी की टुकड़ी को मानिकपुर घाट में डियूटी लगा दिया जिससे स्नार्थियो की सुरक्षा ब्यवस्था राम भरोसे रही।

दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं के प्रतिभावान गायक बेगम अख्तार पुरस्कार हेतु करें आवेदन

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल ने बताया है कि संस्कृति विभाग उ0प्र0 द्वारा मल्लिका-ए-गजल बेगम अख्तर की स्मृति में दादरा, ठुमरी, गजल विधाओं में ऐसे प्रतिभावान गायक जिसकी आयु 40 वर्ष से कम न हो को ''बेगम अख्तर पुरस्कार'' से सम्मानित किया जाता है जिसके अन्तर्गत चयनित कलाकार को रूपये 5.00 लाख की धनराशि अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भेट स्वरूप प्रदान किया जाता है। उन्होने बेगम अख्तर पुरस्कार हेतु कलाकार के लिये अर्हता के सम्बन्ध में बताया है कि वह उत्तर प्रदेश का मूल निवासी अथवा उसकी कर्मभूमि उत्तर प्रदेश होना चाहिये, कलाकार को अपनी प्रतिभा की दीर्घ साधना एवं श्रेष्ठ उपलब्धि के भरसक निर्विवाद मानदण्डों के आधार पर राष्ट्रीय ख्याति होनी चाहिये।

चेकिंग के दौरान दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। थाना फतनपुर से प्रभारी निरीक्षक इन्द्रदेव मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना स्थानीय के मु0अ0सं0 142/2018 धारा 363, 376डी, 342, 323 भादंवि, धारा 3/4 पाक्सो एक्ट से संबंधित दो वांछित अभियुक्त रोहित कुमार उर्फ छोटू पुत्र फूलचन्द्र मिस्त्री नि0 रहेटुआ परशुरामपुर थाना फतनपुर व सचिन पाल पुत्र सीताराम पाल नि0 भीट थाना फतनपुर को थाना क्षेत्र फतनपुर के कैलाडीह नहर पुल के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से एक टीवीएस स्पोर्ट मोटर साइकिल (घटना में प्रयुक्त) व एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पुलिस टीम में राजकुमार पाण्डेय, उ0नि0 अमित सिंह, उ0नि0 रत्नेश कुमार मौर्या, का0 रणजीत सिंह, का0 दशरथ पटेल, का0 नरेन्द्र सिंह का0 मुकुल अग्रे व का0 आशुतोष यादव थाना फतनपुर शामिल रहे।

रेलवे पुलिस ने हटवाया अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। प्रयागराज-लखनऊ रेलवे ट्रैक पर परियावां रेलवे स्टेशन के 35 सी रेलवे फाटक के किनारे लगे ठेले को रेलवे फाटक से हटा दिया जिससे रेलवे फाटक बन्द होने के दौरान छोटे बड़े वाहनों को खड़ा करने में परेशानी उठानी पड़ती थी। जिसकी जानकारी होने पर ऊंचाहार आर पी एफ प्रभारी अवधेश नारायण पाठक ने रेलवे लाइन के किनारे सभी अतिक्रमण करने वालो को सख्त हिदायत देते हुए हटा दिया, जिससे छोटे बड़े वाहनों को फाटक बन्द होने पर खड़े रहने पर परेशानी से निजात मिल गया। लोग आरपीएफ प्रभारी पाठक की उठाये गए कदम की सराहना कर रहे हैं।

आज आएंगे सपा के प्रदेश अध्यक्ष

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। समाजवादी पार्टी की खेत-खलिहान, कुटीर उद्योग बचाओ, रोजगार दो किसान-नौजवान पटेल यात्रा मंगलवार को प्रतापगढ़ पहुंचेगी। यात्रा का नेतृत्व सपा के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल द्वारा किया जा रहा है। इस दौरान सुबह दस बजे अमेठी से चलकर बाबूगंज चतुरपुर शीतला माता (गुप्ता) मैरिज हाल, दोपहर एक बजे बाबूगंज से चलकर समाजवादी पार्टी कार्यालय मीराभवन पर प्रेस कांफ्रेंस होगी। दोपहर दो बजे विश्वनाथगंज विधानसभा क्षेत्र नौबस्ता नवोदय विद्यालय के पास व शाम चार बजे रामपुर खास विधानसभा क्षेत्र लालगंज तहसील के आगे यात्रा निकाली जाएगी। यह जानकारी जिलाध्यक्ष छविनाथ यादव ने दी।

महिला की मानिकपुर पुलिस ने नहीं दर्ज की रिपोर्ट

अखंड भारत संदेश

परियावां, प्रतापगढ़। एक तरफ जिले के मुखिया अपने मातहतों को क्राइम मीटिंग में पीड़ितों की शिकायत को गम्भीरता से लेते त्वरित कार्रवाई का निर्देश देते है तो वही मानिकपुर पुलिस अपने आलाकमान के निर्देश को ताक पर रखकर पीड़ित के दिये गए तहरीर पर कार्रवाई करने से मुकर रही है। मामला कोतवाली कुंडा के मानिकपुर थाना क्षेत्र के चौरही गाव की है गाव की पीड़िता तारादेबी पत्नी सुशील कुमार यादव ने पुलिस को दिए गए तहरीर में आरोप लगाया है कि 14 सितम्बर की दोपहर लगभग 3 बजे गांव के कुछ लोगों ने एक राय होकर बटवारे में मिली भूमि पर लगे चिलबिल के पेड़ को जबरन काटने लगे जिसका विरोध किया तो मारा-पीटा गया। आरोप है कि तहरीर देने पर भी पुलिस ने अभी तक मुकदमा दर्ज नही किया। इस बाबत जब पूछे जाने पर थाना प्रभारी सुभाष कुमार यादव ने बताया कि शिकायत कर्ता द्वारा फर्जी तहरीर दे रही है।

बाल विज्ञान कांग्रेस की शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला सम्पन्न

बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य और प्रोजेक्ट पर डाला गया प्रकाश

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। 29वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस की जनपद स्तरीय शिक्षक प्रशिक्षण कार्यशाला का सोमवार को आनलाइन आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल विज्ञान कांग्रेस का उद्देश्य और

प्रोजेक्ट की तकनीकी पर प्रकाश डाला गया।विषय विशेषज्ञ के रुप में निरंजन लाल विश्वकर्मा और डा0 रजनी श्रीवास्तव (बीएचयू) ने मुख्य विषय सतत जीवन के लिये विज्ञान और उसके उप विषयों पर कैसे प्रोजेक्ट तैयार किये जा सकते हैं, को विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम में जिला समन्वयक डा0 विनोद शुक्ल ने सभी का स्वागत किया। डा0 एसके सिंह राज्य समन्वयक ने कार्यशाला में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता हेतु दबाव बनाया। इसके लिये द्वितीय कार्यशाला का भी निकट भविष्य में आयोजन होगा। एकडमिक समन्वयक डा0 ओपी द्विवेदी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यशाला में उच्च प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक व शिक्षिकाओं ने प्रतिभाग किया। तकनीकी सहयोग नवनीत शुक्ल ने किया।

लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के सहयोग से लगा टीकाकरण कैम्प

नहीं मिली वैक्सीन, निराश लौटे लोग

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। लायंस क्लब प्रतापगढ़ गौरव के सौजन्य से रायबरेली रोड स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल टेउंगा में कोविड-19 का टीकाकरण कैम्प लगाया गया जिसमें अधिक से अधिक लोगों ने पहली व दूसरी खुराक लेकर टीकाकरण कराया।

इसमें विद्यालय के शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों ने भी टीकाकरण कराया। टीकाकरण के समय प्रधानाचार्या स्मृति सिंह, कंचन सिंह, मनीष केसरवानी, मालिनी श्रीवास्तव, सुनीता, संजय सिंह, सनी सिंह, चंदन आदि लोग मौजूद रहे। उधर 20 सितंबर को

आयोजित मेगा टीकाकरण अभियान वैक्सीन की किल्लत के चलते कम सफल रहा। स्वास्थ्य विभाग ने कैम्प का आयोजन तो कर लिया लेकिन वैक्सीन मांग के अनुसार नहीं मिल पाई।

रोटरी क्लब प्रतापगढ़ सेंट्रल और बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के प्रयास से ओल्ड रीवर डेल पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित कैम्प पर भी वैक्सीन की कमी रही। जहां पर सौ के ऊपर डिमांड थी। वहां पर मात्र 60 लोगों के लिये ही वैक्सीन की व्यवस्था स्वास्थ्य विभाग करा पाया। फाउंडर राजेश कुमार ने बताया कि उनके कैम्प पर भीड़ थी। उन्होंने समन्वयक को फोन करके और वैक्सीन की मांग तो उन्होंने देने से हाथ खड़े कर दिये। काफी संख्या में लोगो को बिना टीका लगवाये निराश लौटना पड़ा। कैम्प में प्रबंधक इमरान खान, असरफ, खालिद, नारायण बाजपेयी का सक्रिय योगदान रहा।

बृजेन्द्र मिश्रा बने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव

प्रतापगढ़। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बृजेन्द्र मिश्रा को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी का सचिव बनाया गया है। इससे कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है। बता दें कि अभी कुछ माह पहले बृजेन्द्र मिश्रा को जिला कांग्रेस कमेटी से हटाकर डा0 लालजी त्रिपाठी को नया अध्यक्ष बनाया गया था, फिर भी बृजेन्द्र मिश्रा कांग्रेस के कार्यक्रमों में सक्रिय रहे और रानीगंज क्षेत्र में कई कार्यक्रम उन्होंने किया। उनकी सक्रियता को देखते हुए कांग्रेस के आला कमान ने उन्हें प्रदेश सचिव बनाये जाने का फरमान सुनाया है। आज आल इण्डिया कांग्रेस कमेटी के जनरल सेक्रेटरी केसी वेणुगोपाल सांसद ने नई दिल्ली से सचिवों की सूची जारी की है जिसमें बृजेन्द्र मिश्रा का भी नाम है।

खबर संक्षेप

अवैध शराब के साथ अभियुक्त गया जेल

कौशाम्बी। जिले में अवैध शराब के निर्माण व तस्करी के विरुद्ध चलए जा रहे अभइयाँ के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार थाना कौशाम्बी पुलिस उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह यादव मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामबाबू पुत्र गोरे लाल निषाद निवासी बड़ा गढ़वा थाना कौशाम्बी के कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

पुस्तक पाकर खिल उठा बच्चों का चेहरा

कौशाम्बी। विकासखंड मंझनपुर के टेवां प्राथमिक विद्यालय प्रथम इंग्लिश मीडियम के बच्चों को पुस्तक वितरण की गई पुस्तक पाकर बच्चों के चेहरे में खुशियां छा गई। बच्चों को पुस्तक वितरण कर सहायक अध्यापक अजय कुमार श्रीवास्तव के चेहरे पर भी मुस्कान दिखाई देने लगी उनका कहना है कि बिना पुस्तक के बच्चों के अध्ययन में बाधा आ रही थी पुस्तक प्राप्त करने के बाद बच्चों में ज्ञान का संचार सुचारू रूप से तीव्र गति से होगा

कोरोना के दृष्टिगत की गई चेकिंग

कौशाम्बी। जिले में लॉकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेशी के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा सघन चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान दो पहिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया जिसमें 225 वाहनों का ई चालान किया गया व 6 वाहनों से 3500 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया है व बिना मास्क लगाए घूम रहे व सरकार द्वारा जारी गाइडलाइन का उलंघन करने वाले 15 व्यक्तियों से 2900 रुपए जुमार्ना वसूला गया।

5 हजार करोड़ की परियोजना से चायल होगा तृप्त विधायक संजय कुमार गुप्ता

अखंड भारत संदेश

प्रेसवार्ता करते चायल विधायक संजय कुमार गुप्ता

कौशाम्बी। विधायक चायल संजय कुमार गुप्ता ने उत्तर प्रदेश सरकार के साढे 4 वर्ष के कार्यकाल पर प्रेस वार्ता कर विधायक द्वारा अपने विधानसभा में किए गए कार्य की उपलब्धियों को एक-एक करके गिनाया विधायक संजय कुमार गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा तथा उनके मार्गदर्शन में योगी सरकार ने जिस तरह विकास के गति को आगे बढ़ाया है उसी का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश आज विकास में देश में अग्रणी है विधायक ने कहां की लोक निर्माण विभाग द्वारा 228 मार्गो का 16560. 86 लाख रुपए से कार्य को कराया गया और 51 मार्गों का 610 98.63 निमार्णाधीन है।

चायल क्षेत्र में जिला पंचायत द्वारा 115 कार्यों का 13 64.31 लाख रुपये की लागत से कार्य को पूरा किया गया और 29 कार्यों का 474.45 लाख रु की लागत से निमार्णाधीन। यूपी सिडको से 4 कार्यो का 127.16 लाख रु की लागत से पूरा किया व1 कार्य जो 581 लाख रु की लागत से निमार्णाधीन है,उन्होंने कहा कि सेतु निगम लिमिटेड योग से 2 कार्यों का 409.68 लाख रु की लागत से पुरा किया व 3 कार्य 6990 लाख रु से निमार्णाधीन है,इसी तरह चायल क्षेत्र में लघु सिंचाई विभाग, विधायक निधि द्वारा उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड द्वारा सीआईडी एस यूपी 32 वाला जल निगम व सहकारिता आईसीडीपी लोक निर्माण विभाग पीएमजीएसवाई ग्रामीण अभियंत्रण द्वारा 9 29 करोड़ 85 लाख रुपए से विधायक ने अपने विधानसभा में कार्य को कराया और कहा कि विकास की गति 50 साल बनाम 5 साल में किया गया । साथ ही साथ विधायक ने बताया कि मेरे द्वारा 60 करोड़ 600 लाख रुपए से नगर पालिका परिषद भरवारी में विकास कार्य कराए गए सरकार द्वारा 200 करोड़ की लागत से राम वन गमन मार्ग की स्वीकृत कराई गई 800 करोड रुपए की लागत से प्रयागराज एयरपोर्ट से वाया सराय अकिल कौशांबी खास तक की परियोजना स्वीकृत कराई गई नंदा के पुरवा से प्रतापपुर यमुना सीट तक 200 करोड़ रुपए की लागत से यमुना पुल बनाया है जाने की स्वीकृत कराई गई 128 करोड़ की लागत से 79 सड़कें पीडब्ल्यूडी द्वारा नवीन सुरक्षित करई गई विधायक ने बताया कि मेरी विधायक निधि से 192 कार्यो का 588 लाख रुपए की लागत से व 65 कार्य 144 लाख की लागत से निमार्णाधीन है और 1 करोड़ की लागत से

मेरी विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर हाई मास्ट की स्थापना की घोषणा की गई 4 करोड रुपए की त्वरित विकास निधि द्वारा ग्रामीण सड़कों की स्वीकृत कराई गई मनोहरकी मांग पर एक करोड़ 81 लाख रुपए से दीव कटर बनवाने की स्वीकृत कराई गई साथ ही साथ विधायक ने अपनी विधानसभा चाइल्ड के लिए निमार्णाधीन एवं स्वीकृति परियोजनाएं मैं मुख्य रूप से बताया कि नवनियुक्त नगर पालिका परिषद भरवारी की वाह नगर पंचायत चरवा की स्थापना की गई भरवारी में एक नया बस स्टॉप व आईटीआई कॉलेज की स्थापना और एक नए स्टेडियम की स्थापना और सैयद सरावा फ्लाईओवर जो निमार्णाधीन है ससुर खदेरी नदी पुल निमार्णाधीन है राजकीय हाई स्कूल विद्यालय निमार्णाधीन है वार्ड ग्राम काजीपुर और नगर पालिका परिषद में 2 नए थानों की स्वीकृति मेरे द्वारा कराई गई अग्निशमन केंद्र की शुभ तिथि कराई गई और भरवारी में रेलवे लाइन पर अंडरपास की स्वीकृति कराई गई इसी तरह विधायक ने अपनी उपलब्धियों को गिनाया और कहा जो 50 साल में कभी नहीं हुआ वह हमारी सरकार ने मात्र साढ़े 4 वर्ष में पूरा करके दिखाया है।

नगर पंचायत अझुवा में विकास कार्यों में हेराफेरी की जांच शुरू

एसडीएम सिराथू ने विकास कार्यों की गंभीर शिकायत पर 13 पत्रावलियों अभिलेखों को किया सीज

अखंड भारत संदेश

हेराफेरी की जांच करते सिराथू एसडीएम

अझुवा कौशाम्बी। नगर पंचायत अझुवा में कराए गए विकास कार्यों व कोविड-19 में खरीदे गए उपकरणों में जमकर हेराफेरी करने का सभासदों ने आरोप लगाया है प्रकरण की शिकायत पर शासन ने जिलाधिकारी की अगुवाई में 3 सदस्य टीम गठित कर जांच करने का आदेश दिया था नगर पंचायत में विकास कार्य कराने के लिए शासन की ओर से करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं लेकिन जिम्मेदारियों की वजह से कस्बे के लोगों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रहे हैं।

ऐसा मामला नगर पंचायत अझुवा में सामने आया है सभासद नीलम वैश्य सुघर सिंह ज्ञान सिंह पाल आदि ने जिलाधिकारी सुजीत कुमार और प्रशासन से शिकायत की थी कि सन 2017 सन 2018 में खरीदी गई सामग्री की फीडिंग जेम पोर्टल में कराई गई है उसके सापेक्ष सामान नगर पंचायत में मौजूद नहीं है इसका मिलान कराया जाए जिससे गड़बड़ी का राजफाश हो जाए खरीदारी के नाम पर बिल वाउचर लगाकर करोड़ों रुपए की हेराफेरी की गई नगर पंचायत क्षेत्र में इंटरलॉकिंग आरसीसी का निर्माण कितने रुपए खर्च हुआ है उसका विवरण मांगा गया लेकिन उन्होंने किसी चीज का विवरण देने से मना कर दिया था वही नगर पंचायत में नाली निर्माण में दोयम दर्जे की ईंट लगाई गई थी जिससे बनने के कुछ दिन बाद ही क्षतिग्रस्त हो गई नगर पंचायत में आउटसोर्सिंग से कितने सफाई कर्मी कार्यरत हैं जल कर्मी कितने कार्यरत हैं विद्युत कर्मी कितने लोग लगाए गए हैं,कई लोग बगैर कार्य के भुगतान ले रहे हैं उनमें से चेयरमैन के कुछ खासम खास भी हैं उसकी जांच कराई जाए कोविड-19 में खरीदे गए उपकरणों में भी जमकर हेराफेरी की गई जिसकी शिकायत कई बार संबंधित जिम्मेदार अधिकारियों से की गई लेकिन किसी प्रकार की कार्रवाई और जांच नहीं हुई सभासदों की शिकायत की गंभीरता से लेने के बाद जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम एसडीएम प्रखर उत्तम के नेतृत्व में आज नगर पंचायत अझुवा कार्यालय में पहुंचकर विकास कार्यों की शिकायत से संबंधित 13 पत्रावली अभिलेखों को सीज कर कार्रवाई की शुरूवात कर दी है वहीं नगर के सम्भान्त नागरिकों का कहना है यदि निष्पक्ष जांच हुई तो भ्रस्टाचारियों का जेल जाना तय है बीते दिनों भ्रस्टाचारियों में डील हो रही थी जांच होने से अरमानों में पानी फिर गया है।

मंझनपुर विधानसभा से डॉ नीतू कनौजिया के नाम की प्रत्याशी के रूप में किया घोषण

कौशांबी। मंझनपुर मुख्यालय ओसा स्थित बहुजन समाज पार्टी कार्यालय में सोमवार को एक विशाल कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद डॉ अशोक सिद्धार्थ मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में अमरेंद्र बहादुर भारती रहे। विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद ने कहा कि कौशांबी जनपद की जो आज तस्वीर दिख रही है जिले की जनता जानती है कि यह यदि किसी की देन है तो वह बहन जी की सरकार की देन है। कहा कि बहन जी ने हमेशा इस जनपद को प्राथमिकता पर रखा है ।कहा कि बहन जी ने अपने कार्यकाल में पूरे प्रदेश को एक नई दिशा देने का काम किया था ।जब से प्रदेश में गैर बसपा की सरकारे है बनी है तब से लोग सिर्फ अपने अपने जनपद के विकास को देखकर यह आकलन कर सकते हैं। उन्होंने मंझनपुर विधानसभा से डॉ नीतू कनौजिया को मंझनपुर विधानसभा प्रभारी के साथ ही बसपा प्रत्याशी के रूप में उनके नाम की घोषणा किया। इस दौरान बसपा प्रत्याशी डॉ नीतू ने बहन जी के हाथों को मजबूत करने के लिए उपस्थित विशाल जनसमुदाय से अपील किया। कार्यकर्ता सम्मेलन को पार्टी जिला अध्यक्ष, वरिष्ठ नेता राजू गौतम, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिलाल, बौध, वरिष्ठ नेता महेंद्र गौतम, दयाराम पासी ने भी संबोधित किया। इस मौके पर मुख्य रूप से रमेश गौतम, सुकरू लाल निर्मल सहित हजारों की संख्या में बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रजापति एकता मंच की बैठक संपन्न

बैठक करते चायल ब्लाक प्रमुख दिलीप प्रजापति

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। ग्राम सभा कनैली विधानसभा चायल में प्रजापति एकता मंच की बैठक संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता प्रजापति एकता मंच के जिलाध्यक्ष जय सिंह प्रजापति ने कि इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हाई कोर्ट के एडवोकेट प्रजापति सुरेश वर्मा ने कहा कि समाज को विकसित करने के लिए एक महत्वपूर्ण संगठन की आवश्यकता होती है समाज में फैली कुरीतियों को हटाना होगा तभी समाज का विकास होगा महिला शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा

समाज में फैली कुरीतियों को हटाना होगा तभी समाज का विकास होगा : सुरेश वर्मा

तभी हमारा प्रजापति समाज आगे बढ़ेगा विशिष्ट अतिथि चायल ब्लाक प्रमुख दिलिप प्रजापति ने कहा कि हम समाज को आगे बढ़ाने के लिए हर प्रयास करेगे इसी कड़ी में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी प्रयागराज मंडल कोऑर्डिनेटर एकता मंच मीडिया प्रभारी भूपेंद्र प्रजापति ने कहा 2022 में प्रजापति एकता मंच जिसको चाहेगा उसको विधायक बनाएगा इस कार्यक्रम में उपस्थित हुए राष्ट्रीय भागीदारी पार्टी मंडल अध्यक्ष रविकांत प्रजापति सिराथू प्रत्याशी प्रजापति एकता मंच जिला उपाध्यक्ष डॉ बीएन प्रजापति संगठन मंत्री डॉ हेमंत प्रजापति चंद्रिका प्रजापति धर्मेंद्र प्रजापति राम सिंह प्रजापति गसुमित प्रजापति पंचम लाल प्रजापति घसीटे प्रजापति करण सिंह प्रजापति भगवत प्रसाद प्रजापति मिथुन चक्रवर्ती एडवोकेट रातीश कुमार प्रजापति बुधराम प्रजापति केदारनाथ प्रजापति डॉ अशोक प्रजापति कृष्णकांत प्रजापति प्रमोद प्रजापति आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।

तमंचा व कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में तमंचा व कारतूस के साथ दो अभियुक्तो को गिरफ्तार किया गया है जानकारी के मुताबिक थाना पिपरी पुलिस उपनिरीक्षक आलोक कुमार मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अतीक अहमद पुत्र मो0 अनीस निवासी जजौला कुर्मी का पुरवा थाना पश्चिम शरीरा के कब्जे के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस उपनिरीक्षक धर्मेंद्र कुमार वर्मा मय हमराह पुलिस बल द्वारा अभियुक्त रामसागर पाठक पुत्र तारक नाथ पाठक निवासी इच्छना थाना सराय अकिल के कब्जे से एक अदद तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरमाद होने पर अभियुक्त को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात चालान न्यायालय कर दिया है।

अलग अलग थानों द्वारा दो वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। जिले में अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अलग अलग थानों द्वारा दो वांछित अभियुक्तो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया है जानकारी के मुताबिक थाना कड़ाधाम पुलिस उपनिरीक्षक जनार्दन सिंह मय फोर्स द्वारा वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र महेश प्रसाद निवासी गड़ेरियन का पुरवा मजरा कोरियो थाना सैनी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक विनोद कुमार मौर्य मय फोर्स द्वारा वाहन चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर भडेहरी पावर हाउस के पास खड़ा वांछित अभियुक्त गुड्डू दुबे उर्फ प्रवेश कुमार पुत्र सुनील कुमार दुबे निवासी साढी थाना सैनी को गिरफ्तार कर कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

वारंटी अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक जमालुद्दीन खान मय हमराह पुलिस बल द्वारा पाक्सो एक्ट मे वारण्टी अभियुक्त असलम पुत्र जन्ना निवासी पारा हसनपुर थाना करारी को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के पश्चात न्यायालय भेज दिया है।

तहसील चायल में आवंटन किया गया तालाब

चायल कौशाम्बी। तहसील चायल में सोमवार को 10 वर्षीय मत्स्य पालन हेतु तालाब आवंटन नीलामी की गई। मत्स्य पालन पट्टा देने की कार्रवाई में 5 हजार रुपये प्रति हेक्टेयर प्रतिवर्ष की दर से की गई है 280 आवंटित की पात्रता सूची वरीयता क्रम के अनुसार तैयार की गई है। संबंधित ग्राम पंचायत में निवास करने वाला मछुआ समुदाय का व्यक्ति ग्राम पंचायत में निवास करने वाला गरीबी रेखा से नीचे का अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी का पट्टा आवंटन किया गया।

इस दौरान उपजिलाधिकारी ज्योति मौर्य, तहसीलदार दीपिका सिंह, एवं मत्स्य कार्यकारी अधिकारी सुनील सिंह, मत्स्य बाबू नजमुल हसन एवं पट्टा लेने वाले ग्रामीण भी मौजूद रहे।

अन्ना मवेशियों से किसान परेशान राहगीरों के लिए बन रहे मुसीबत

अखंड भारत संदेश

सड़क पर घूमती आवारा पशु

अझुवा कौशाम्बी। सिराथू तहसील के प्रत्येक सड़क,राष्ट्रीय राजमार्ग ,प्रत्येक गली, खेतों चौराहों बाजार खलिहानों में आवारा मवेशियों का झुंड देखा जा सकता है जो किसानों की फसल चट कर रहे हैं-चहल कदमी कर आवारा पशु किसानों की फसल नष्ट कर रहे हैं किसान रात दिन खेत की रखवाली में परेशान है, वहीं दूसरी ओर सड़को पर आवारा पशु वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहे हैं सड़क पर घूमने वाले आवारा पशु हादसों का कारण बन रहे हैं। नगर पंचायत अझुवा के भोला चैराहे,टेन्द्री चौराहे,सब्जी मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्जनों छुट्टे मवेशी देखे जा सकते हैं जो दुर्घटना के कारण बन रहे हैं। जानकारी के बाद भी जिम्मेदार प्रशासन ठोंस कदम नही उठा पा रहा है हलांकि नगर पंचायतों सहित ग्रामीण इलाकों में करोड़ों की लागत से अस्थायी,स्थायीय गौशालाओं का निर्माण कराया गया है जहां गौवंशो को रहने के लिए व्यवस्था की बात और दावा सरकार करती है लेकिन सड़कों,गलियों खेत,खलिहानों पर देखने पर आवारा गौवंशो का हुजूम देखने को मिलता है ,प्रशासन की लाचारी और बेबसी इस संबंध में खूब देखने को मिल रही है इससे किसानों के साथ रहेगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ता है जिले में अन्ना मवेशियों की भरमार है किसान परेशान फिर भी शासन प्रसाशन की नजर में किसान खुशहाल है उसकी आय दुगुनी हो गयी !ये क्या मजाक है वहीं किसानों के अनुसार गौशालाएं जिम्मेदारों के लिए भ्रस्टाचार कर धन अर्जित करने का एक माध्यम बन गया है ।

एडीजी को गुमराह कर नित्यानंद कर रहे पड़ोसी जनपद में नौकरी

अखंड भारत संदेश

पड़ोसी जनपद में तैनात पुलिस जनों को हटाए जाने का निर्देश बीते वर्ष एडीजी ने भी एसपी को पत्र भेज कर दिया था आवासीय पता में हेराफेरी करने में माहिर उपनिरीक्षक के कारनामे के हुई जाए तो उन पर दर्ज हो सकता है मुकदमा

कौशांबी। हेराफेरी कर पुलिस बिभाग में नौकरी करने में एक उपनिरीक्षक माहिर है उप निरीक्षक अपर पुलिस महानिदेशक को भी गुमराह करने से नहीं चूके हैं उप निरीक्षक ने अपनी तैनाती के लिए आवासीय पता में हेराफेरी की है उपनिरीक्षक के इस कारनामे की पुलिस आला अधिकारियों ने जांच कराई तो जहां उपनिरीक्षक का तबादला दूर जनपद हो सकता है वहीं उपनिरीक्षक पर हेराफेरी कर पड़ोसी जनपद में तैनाती के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा भी उन पर दर्ज हो सकता है लेकिन क्या उपनिरीक्षक के हेरा फेरी धोखाधड़ी के इस मामले को पुलिस आला अधिकारी संज्ञान लेकर कठोर कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराए गे या फिर पुलिस के गुनाह माफ होते रहेंगे इस बात को लेकर आम जनता के बीच तेजी से चर्चा है। गौरतलब है कि प्रयागराज जिले के राजरूपपुर चौकी के नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक पुलिस चौकी इंचार्ज थे इनका स्थानांतरण कौशांबी जनपद हो गया नित्यानंद सिंह चौकी इंचार्ज का आवास राजरूपपुर में बना हुआ है जहां इनके बीवी बच्चे परिवार रहते हैं और इनका भी परिवार के बीच बराबर आना जाना है आवासीय पते से इनके बच्चों का स्कूल में दाखिला कराया गया है इनके आवासीय पता से बैंक में खाता संचालित हो रहा है इलाहाबाद के पते से ही इनके परिवार में गैस कनेक्शन और विद्युत उपयोग का कनेक्शन ले रखा है सब कुछ इलाहाबाद में इनका होने के बाद भी नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक की तैनाती पड़ोसी जनपद कौशांबी में है टेडीमोड़ शहजादपुर पुलिस चौकी में यह चौकी इंचार्ज रह चुके हैं अभी हाल में इनका स्थानांतरण नारा पुलिस चौकी में कर दिया गया है अब सवाल उठता है कि पड़ोसी जनपद में पुलिस अधिकारियों की तैनाती नहीं किएजाने के निर्देश डीजीपी ने जारी किए हैं लेकिन इनकी तैनाती में डीजीपी का निर्देश नहीं लागू हो सकता है आखिर नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक पर पुलिस कानून क्यों नहीं लागू हो रहा है यह बड़ी जांच का विषय है आवासीय पता में हेराफेरी कर कौशांबी जिले में तैनाती कराकर नौकरी करने के मामले में नित्यानंद सिंह के कारनामे की यदि जांच हुई तो नित्यानंद सिंह उपनिरीक्षक पर मुकदमा भी दर्ज होगा और इन पर पुलिस विभाग की कार्यवाही भी होगी पड़ोसी जनपद में तैनात पुलिस जनों को हटाए जाने का निर्देश बीते वर्ष अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने भी पुलिस अधीक्षक को पत्र भेज कर दिया था लेकिन पुलिस विभाग के कार्यालय में तैनात कुछ लिपिक के कारनामे के चलते उप निरीक्षक नित्यानंद सिंह का ट्रांसफर कौशांबी से नहीं हो सका है यदि संपूर्ण प्रकरण में जांच हुई तो पुलिस विभाग में लोगों को बचाने वालों के चेहरे भी बेनकाब होंगे।

साक्षात्कार बैठक में समय से भाग ले

कौशाम्बी। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी महेन्द्र कुमार मिश्र द्वारा बताया गया कि उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड लखनऊ द्वारा संचालित माटीकला टूल-किट्स वितरण योजना के अन्तगर्त वित्तीय वर्ष 2021-22 में निःशुल्क विद्युत चालित चाक वितरण हेतु 20 लाभाथिर्यों का चयन किया जाना है, जिसके लिये साक्षात्कार 22 सितम्बर 2021 दिन बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी के कक्ष विकास भवन मंझनपुर में होना सुनिश्चित हुआ है, जिन लाभाथिर्यों द्वारा अपना आवेदन पत्र कायार्लय में जमा किया गया है, आवेदन कर्ता साक्षात्कार बैठक में समय से भाग लेना सुनिश्चित करें। साक्षात्कार में अनुपस्थित होने की दशा में किसी भी आवेदन पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

राजभाषा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत राजभाषा प्रश्नोत्तरी निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन

अखंड भारत संदेश

लेखन प्रतियोगिता में उपस्थित डॉ रूबी चौधरी

भरवारी कौशाम्बी। भवंस मेहता महाविद्यालय, भरवारी द्वारा राजभाषा हिंदी सप्ताह के अंतर्गत आयोजित होने वाले विविध कार्यक्रमों के तहत सोमवार को कर्मचारियों के लिए राजभाषा प्रश्नोत्तरी और छात्र-छात्राओं के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।प्रतियोगिता के प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रूबी चौधरी द्वारा राजभाषा हिंदी को अपनाने के लिए दिए गए प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ।कार्यक्रम के संयोजक महाविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ. सी. पी. श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों की राजभाषा के प्रति समर्पण की भावना की सराहना की और आगामी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के डॉ. विवेक कुमार त्रिपाठी, डॉ. श्वेता यादव, डॉ. पंकज कुमार श्रीवास्तव, डॉ. सतीश तिवारी, डॉ. उमा जायसवाल, डॉ .सुमन शुक्ला , डॉ. विमलेश सिंह यादव, डॉ.नीति मिश्रा, डॉ. श्रद्धा तिवारी, डॉ. लक्ष्मीकांत मिश्र, डॉ.अनुज तिवारी, डॉ. राहुल राय, डॉ. धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि,डॉ. महेंद्र उपाध्याय, और डॉ. दीपक कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

सम्पादकीय

पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन

निश्चित रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और कैप्टन अमरिंदर सिंह के बीच की अनबन सारी सीमाएं पार कर चुकी थी, लेकिन कैप्टन के इस्तीफे की पूरी जिम्मेदारी सिद्धू पर नहीं डाली जा सकती। कैप्टन की कार्यशैली को लेकर पार्टी में नाराजगी काफी पहले से थी। पंजाब में लंबे समय से जो रस्साकशी और उथलपुथल चल रही थी, उसी का नतीजा है कि विधानसभा चुनावों से पांच महीना पहले राज्य में नेतृत्व परिवर्तन की नौबत आ गई। कैप्टन अमरिंदर सिंह के इस्तीफा देने के बाद मुख्यमंत्री बनाए जा रहे चरणजीत सिंह चन्नी से पार्टी को यह उम्मीद जरूर रहेगी कि वह आने वाले चुनावों में उसकी सत्ता में वापसी कराएंगे, लेकिन इस उम्मीद का पूरा होना इतना आसान है? सबसे बड़ा सवाल यह है कि जिन वजहों से कांग्रेस विधानसभा चुनावों से ठीक पहले इस बवंडर में फंसी, क्या वह उनसे पीछा छुड़ा चुकी है? निश्चित रूप से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू और कैप्टन अमरिंदर सिंह के बीच की अनबन सारी सीमाएं पार कर चुकी थी, लेकिन कैप्टन के इस्तीफे की पूरी जिम्मेदारी सिद्धू पर नहीं डाली जा सकती। कैप्टन की कार्यशैली को लेकर पार्टी में नाराजगी काफी पहले से थी। कांग्रेस का शीर्ष नेतृत्व इस असंतोष से अवगत रहा है। उसकी समस्या यह रही कि सब कुछ जानते समझते हुए भी वह समय पर फैसला नहीं कर सका। 79 साल के कैप्टन के भरोसे प्रदेश पार्टी को ज्यादा समय तक नहीं छोड़ा जा सकता था। नए नेतृत्व की जरूरत पार्टी को थी ही।इसके बावजूद कांग्रेस की सोच यह थी कि आने वाले विधानसभा चुनाव कैप्टन के ही नेतृत्व में लड़ा जाए। सिद्धू को प्रदेश पार्टी अध्यक्ष बनाकर यह मान लिया गया कि चुनावों तक दोनों साथ मिलकर काम करेंगे।

तय हुआ कि नेतृत्व परिवर्तन के सवाल पर आखिरी फैसला चुनावों के बाद किया जाएगा। मगर हाईकमान की यह व्यवस्था कितनी अव्यावहारिक थी, यह पिछले दो महीने के घटनाक्रम ने पूरी तरह स्पष्ट कर दिया। अभी चुनावी प्रक्रिया शुरू भी नहीं हुई थी, टिकट बंटवारे का सवाल उठा भी नहीं था लेकिन चाहे कैप्टन हों या विरोधी खेमा- दोनों संगठन पर पूरा कब्जा करने के लिए दूसरे पक्ष पर निर्णायक बढ़त कायम कर लेने में लग गए। यही वजह रही कि आलाकमान के संकेत देने के बावजूद युद्धविराम नहीं हो सका। असतुंष्ट विधायक बार-बार दिल्ली पहुंचते रहे, मुख्यमंत्री बदलने के लिए दबाव बनाते रहे। आखिरकार शनिवार को विधायक दल की बैठक बुलाई गई, जिसमें अपनी हार निश्चित देख कैप्टन ने इस्तीफा दे दिया। लेकिन अब अहम सवाल यह है कि क्या चन्नी के आने से पार्टी के अंदर अलग-अलग गुटों के बीच की रस्साकशी थम जाएगी या आगे टिकट बंटवारे के समय भी गुल खिलाएगी? दूसरी बात यह कि कैप्टन ने मुख्यमंत्री पद भले छोड़ा हो, उनकी अगली चाल का सस्पेंस बना हुआ है। वह पार्टी में कैसी भूमिका निभाते हैं, कब तक रहते हैं और पार्टी छोड़ते हैं तो कहां जाते हैं, जैसे सवालों पर सबकी नजर बनी रहेगी। केवल कांग्रेस ही नहीं प्रदेश राजनीति के समीकरण भी काफी कुछ इन सवालों के जवाब पर निर्भर करेंगे।

राजस्थान में भाजपा के हाथ मौके तो कई लगे, लेकिन एकता के अभाव में सब गँवा दिये

रमेश सर्राफ धमोरा

कैलाश मेघवाल की चिट्ठी से प्रदेश भाजपा की राजनीति में खलबली मच गई। 1977 में पहली बार विधायक व कैबिनेट मंत्री बनने वाले मेघवाल केंद्र की वाजपेयी सरकार में भी मंत्री व कई बार सांसद रह चुके हैं। वो राजस्थान में भी कई बार मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। राजस्थान के छह जिलों में संपन्न हुए जिला प्रमुखों व पंचायत समिति के प्रधानों के चुनाव जीतने की खुशी मना रही भाजपा के रंग में उन्हीं की पार्टी के बड़े नेता कैलाश मेघवाल ने भंग डाल कर जीत का मजा किरकिरा कर दिया। चुनावी नतीजों में भाजपा सिर्फ सिरोही जिला परिषद में ही बहुमत में थी। इसके बावजूद जोड़-तोड़ कर पार्टी नेताओं ने सिरोही के साथ जयपुर व भरतपुर में भी अपना जिला प्रमुख जिता लिया था। इसी तरह 78 में से मात्र 14 पंचायत समितियों में भाजपा को बहुमत मिला था। मगर प्रदेश नेतृत्व ने 25 पंचायत समितियों में भाजपा के प्रधान बनवा दिये।

इससे प्रफुल्लित होकर भाजपा नेता अपनी जीत का जश्न मना रहे थे। इसी दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष व शाहपुरा से विधायक कैलाश मेघवाल ने विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को पद से हटाने की मांग करते हुये पत्र लिख कर धमाका कर दिया था। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाने वाले कैलाश मेघवाल ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर राजस्थान में नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया को उनके पद से हटाने की मांग करते हुए आरोप लगाया कि गुलाबचंद कटारिया द्वारा अलग-अलग मौके पर दिए गए बयानों के कारण भाजपा को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। मेघवाल ने बताया कि कटारिया ने 13 अप्रैल को राजसमंद में एक चुनावी सभा में महाराणा प्रताप को लेकर बयान दिया था। उनके चलते राजसमंद में पार्टी को वोटों का खासा नुकसान हुआ। इस बयान का मामला ठंडा पड़ा भी नहीं था कि उन्होंने भगवान राम पर टिप्पणी कर दी कि भाजपा नहीं होती तो भगवान राम समुद्र में होते। कटारिया के इन बयानों की वजह से समाज में तीखी प्रतिक्रियाएं हुयी थीं। उनकी टिप्पणी ने पार्टी को बचाव की मुद्रा में ला दिया था। कटारिया के बयान के चलते ही पार्टी तीन में से दो सीटों पर चुनाव हार गई तथा राजसमंद सीट पर भी बहुत कम वोटों के अंतर से जीत पाई थी। अपने नेताओं को आईना दिखाते हुये मेघवाल ने आरोप लगाया था कि कटारिया की छत्रछाया में पार्टी पद और टिकट बंटवारे में लाखों-करोड़ों रुपए की हेराफेरी होती रही है। कटारिया अनर्गल बयान बाजी कर पार्टी को नुकसान पहुंचा रहे हैं। मेघवाल ने अपने पत्र की प्रति भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां सहित पार्टी के सभी विधायकों को भी भेजी थी। मेघवाल ने तो विधानसभा सत्र से पहले होने वाली विधायक दल की बैठक में कटारिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने की भी धमकी दी थी। कैलाश मेघवाल की चिट्ठी से प्रदेश भाजपा की राजनीति में खलबली मच गई। 1977 में पहली बार विधायक व कैबिनेट मंत्री बनने वाले मेघवाल केंद्र की वाजपेयी सरकार में भी मंत्री व कई बार सांसद रह चुके हैं।

वो राजस्थान में भी कई बार मंत्री व विधानसभा अध्यक्ष रह चुके हैं। अनुसूचित जाति से आने वाले मेघवाल के पत्र से हुए नुकसान को कंट्रोल करने के लिए भाजपा आलाकमान ने तुरंत ही प्रदेश के प्रभारी महासचिव अरुण सिंह को जयपुर भेजा। जयपुर पहुंचते ही अरूण सिंह ने सबसे पहले मेघवाल को पार्टी कार्यालय में बुलाकर कटारिया के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नहीं लाने के लिये मनाया। उन्होंने मेघवाल से बयान भी दिलवाया कि वह पार्टी के साथ हैं और ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे पार्टी को नुकसान पहुंचे।

हालांकि मेघवाल ने विधायक दल की मीटिंग में और उसके बाद कटारिया के खिलाफ किसी तरह की बयानबाजी नहीं की। लेकिन उनके पत्र से भाजपा में चल रही आपसी गुटबाजी खुलकर सामने आ गई है। मेघवाल के पत्र लिखने से सत्तारुढ़ कांग्रेस को भी भाजपा पर हमला करने का मौका मिल गया। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी भाजपा व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर जमकर हमला बोलते हुये उन्हें कटघरे में खड़ा किया। प्रदेश में भाजपा के बड़े नेताओं द्वारा आपस में एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी करने व एक दूसरे की टांग खिंचाई से भाजपा विपक्षी दल की भूमिका निभाने की बजाय आपसी लड़ाई में ही उलझी हुई है। प्रदेश में कांग्रेस के पौने तीन साल के शासन में भाजपा ऐसा कोई बड़ा जनहित का मुद्दा नहीं उठा पाई है, जिससे कांग्रेस को कटघरे में खड़ा किया जा सके। भाजपा में

चल रही आपसी गुटबाजी के चलते कांग्रेस सरकार बिना किसी बाधा के काम कर रही है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के खिलाफ सचिन पायलट द्वारा इतनी बड़ी बगावत करने के बाद भी भाजपा उसका कोई फायदा नहीं उठा पायी। उल्टे आपसी लड़ाई के चलते भाजपा ही हमेशा बचाव की मुद्रा में रहती है। राजस्थान भाजपा दो खेमों में बंटी हुई है। एक खेमे का नेतृत्व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे कर रही हैं। वहीं दूसरे खेमे में प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां के साथ नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया, केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और राजेंद्र राठौड़ जैसे बड़े नेता हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला, राज्यवर्धन राठौड़ किसी गुट में शामिल नहीं हैं। प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनियां को केंद्रीय नेतृत्व का भी पूरा समर्थन प्राप्त है। इस कारण वसुंधरा राजे खेमा प्रदेश की राजनीति में गौण हो रहा है। राजे की मर्जी के खिलाफ उनके धुर विरोधी सतीश पूनियां को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया। पूनियां राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े हुए हैं तथा वर्षों से संगठन में काम कर रहे हैं।

अपनी उपेक्षा से नाराज होकर वसुंधरा राजे अपने समर्थक नेताओं से समय-समय पर संगठन के खिलाफ बयानबाजी करवाती रहती हैं। पिछले दिनों वसुंधरा के निकट सहयोगी व पूर्व मंत्री डॉ. रोहिताश्व शर्मा को पार्टी से निकाले जाने के बाद उनके खेमे द्वारा संगठन के खिलाफ बयानबाजी बंद कर दी गई थी। मगर अचानक कैलाश मेघवाल ने चिट्ठी लिखकर भाजपा की राजनीति को हिला दिया था। चर्चा है कि कैलाश मेघवाल ने वसुंधरा राजे के इशारे पर ही कटारिया पर निशाना साधा था ताकि तीन जिला परिषदों में मिली जीत पर पानी फेरा जा सके। वसुंधरा राजे चाहती हैं कि एक बार फिर उनको नेता प्रोजेक्ट कर अगला विधानसभा चुनाव लड़ा जाए। मगर केंद्रीय नेतृत्व वसुंधरा को फिर से मौका देने के मूड में नहीं है। इसी के चलते भाजपा में लगातार आरोप-प्रत्यारोप का दौर चलते रहता है। कुछ दिनों पूर्व ही वसुंधरा राजे ने वसुंधरा राजे समर्थक राजस्थान (मंच) के नाम से एक संगठन बनवाकर प्रदेश के सभी जिलों में कार्यकारिणी का गठन करवाने का काम शुरू किया है ताकि आलाकमान को अपनी ताकत दिखा कर दबाव में लिया जा सके। मगर अभी तक ना तो वसुंधरा राजे खुद उस मंच से जुड़ी हैं ना ही कोई बड़ा नेता अभी तक मंच का पदाधिकारी बना है। कुछ छुटभैया किस्म के ऐसे नेता जिनको मूल भाजपा संगठन में महत्व नहीं मिला वो ही उस मंच से जुड़े हैं। प्रभाव नहीं रहा है। केंद्र में नरेंद्र मोदी के रहते वसुंधरा राजे का राजनीतिक पुनर्वास संभव नहीं है। पिछले विधानसभा चुनाव में उनको नेता प्रोजेक्ट कर फ्री हैंड दिया गया था। फिर भी राजस्थान में भाजपा सरकार नहीं बचा पायी थी। मुख्यमंत्री रहते वसुंधरा राजे का प्रदेश में इतना विरोध हो गया था कि उनके द्वारा प्रदेश भर में निकाली गयी गौरव यात्रा को भी बीच में ही स्थगित करना पड़ा था। सबसे बड़ी बात तो यह थी कि वसुंधरा राजे का विरोध उन्हीं के राजपूत समाज के लोग कर रहे थे।

भाजपा में चल रही आपसी लड़ाई के चलते राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत आश्वस्त नजर आते हैं। उनको पता है कि जब तक भाजपा एकजुट होकर नहीं लड़ेगी तो कांग्रेस का मुकाबला करना मुश्किल है। कांग्रेस से मुकाबना करने के स्थान पर भाजपा के नेता आपसी लड़ाई में ही उलझे हुए हैं। इससे पार्टी का जनाधार कमजोर हो रहा है। भाजपा की कलह से आम मतदाता में गलत संदेश जा रहा है। जिसका खामियाजा भाजपा को अगले चुनाव में उठाना पड़ सकता है।

योगी सरकार के 4.5 सालः काम पर मुहर, पर नाकामियों पर पर्देदारी क्यों जरूरी?

विश्व गौरव

उत्तर प्रदेश में 2017 में बीजेपी सरकार आई, अप्रत्याशित रूप से योगी आदित्यनाथ को सूबे का मुख्यमंत्री बनाया गया। काम की बात करें तो यूपी ने जिस 'खौफ' के साथ बीते करीब 10-15 सालों से जिंदगी जी थी, उसमें व्यापक बदलाव हुआ। केन्द्र सरकार की योजनाएं भी 100ज्ञ् तो गरीबों तक नहीं पहुंच रही थीं, लेकिन पहले के मुकाबले काफी बेहतर स्थिति थी। अधिकारियों ने 'कुछ' काम भी करना शुरू कर दिया था। इन सबके बीच अगर सीधे तौर पर 'थोड़ी-बहुत' कमियों के लिए जिम्मेदार मुख्यमंत्री और सरकार को माना जाए या ठहराया जाए तो 'थोड़ी' सी ज्यादती मानी जाएगी। निश्चित तौर पर लंबे समय से एक परंपरा चल रही थी, कामचोरी की परंपराष्ठ अब वो परंपरा बदल रही है, पूरी तरह से नहीं लेकिन कुछ तो काम हो ही रहा है।

यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 19 मार्च 2017 को उत्तर प्रदेश में सत्ता की कमान संभाली थी। रविवार को उनके कार्यकाल के साढ़े चार साल पूरे हो गए। कई कार्यक्रम हुए, सोशल मीडिया पर जमकर ट्रेंड्स चलाने की कोशिश हुई, इसलिए मैं उन बेहतर कामों की बात नहीं करूंगा, मैं बात करूंगा उस व्यवस्था की जो पूरी तरह से ध्वस्त हो गई। मैं बात करूंगा उस लापरवाही की, जिसकी वजह से आज एक शानदार विजन पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। याद करिए कोरोना की पहली लहर, एक पत्रकार के तौर पर मैंने खुद कई विश्लेषण किए, पाया कि दुनिया के कई देशों में उतना शानदार काम नहीं हो रहा था, जितना यूपी में हो रहा था। हालांकि कुछ भी परफेक्ट नहीं था, लेकिन व्यावहारिक

हकीकत समझें तो आपदा इतनी बड़ी थी कि सबकुछ परफेक्ट हो भी नहीं सकता था। लेकिन फिर भी एक पत्रकार के तौर पर मुझे यह कहने में कोई संकोच नहीं कि तुलनात्मक दृष्टि से काम ठीक हुआ। अब बात करें कि पहली लहर में बेहतरीन व्यवस्था के मानक तय करने वाली योगी सरकार की व्यवस्थाएं ध्वस्त क्यों हो गईं। हालांकि इसमें भी दोष स्थानीय अधिकारियों को दिया जा सकता है लेकिन हकीकत यही है कि लापरवाही सरकार के तौर पर अधिक हुई, ऐसा इसलिए क्योंकि व्यवस्था बड़े स्तर पर ध्वस्त हुई, और सरकार को हमने इसी स्तर पर व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के लिए बैठाया है। मैं उस दौरान बंगाल चुनाव की कवरेज के लिए गया था। क्योंकि खुद को लेकर मैं हमेशा से काफी लापरवाह रहा हूं, इसलिए घरवाले परेशान थे कि वहां फील्ड में सेफ्टी और सिक्यॉरिटी के लिहाज से मैं कितनी जागरूकता दिखा रहा होऊंगा। लगातार लोगों के फोन आ रहे थे, किसी को ऑक्सिजन नहीं मिल रही थी तो किसी को रेमडेसिविर। सोशल मीडिया और मेन स्ट्रीम मीडिया में जहां व्यवस्थाओं की बदहाली साफ दिख रही थी, वहीं सरकार और प्रशासन की ओर से दावा किया जा रहा था कि किसी चीज की कमी नहीं है, सब ठीक है। पर मन इस बात को मानने को तैयार ही नहीं था कि सब ठीक है। ऑक्सिजन के लिए सबसे ज्यादा मारामारी थी। फिर हमने दहकते शवों की तस्वीरें भी देखीं, उस भीड़ को भी देखा, जिसे अपने किसी परिचित/रिश्तेदार के शव के अंतिम संस्कार के लिए जगह नहीं मिल रही थी। वक्त मुश्किल था, बहुत मुश्किलष्ठ लेकिन कमी मान लेने में बुराई क्या है? कभी सदन में सरकार कहती है, कभी सीएम योगी की विधायकष्ठ कि ऑक्सिजन की कमी से मौत नहीं हुई। मैं मानता हूं कि उस दौरान खूब कालाबाजारी हुई, जमाखोरी हुई लेकिन उसे रोकने की जिम्मेदारी भी तो सरकार और प्रशासन की थी ना? वहां पर अगर फेल्योर हुई तो उसकी जिम्मेदारी सरकार और स्थानीय प्रशासन को लेनी ही चाहिए ना? अपनी गलती को मान लेने वाला बड़ा होता है, ना कि अपनी गलती को छिपाने के चक्कर में सैकड़ों झूठ बोलने/बोलवाने वाला। बड़ा वह नहीं होता जो अपने अधीनस्थ की लापरवाही छिपाए, बल्कि बड़ा वह होता है जो अधीनस्थ की लापरवाही साफ दिखने पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कार्रवाई करे। यह बात सिर्फ योगी सरकार ही नहीं, बल्कि सभी सरकारें अगर समझ लें तो शायद भविष्य में इस तरह की नाकामियों से बचा जा सकता है।

अपनी कर्तव्यनिष्ठा की बदौलत हिंदुस्तानी समाज के नायक बने हुए हैं नरेंद्र मोदी

प्रो. संजय द्विवेदी

2014 में मोदी सत्ता में आते हैं और संचार के सबसे प्रभावकारी माध्यम को साधते हैं। वे आकाशवाणी पर 'मन की बात' के माध्यम से लोगों से संवाद का अवसर चुनते हैं। यानि उनका संवाद अवसर और चुनाव केंद्रित नहीं है, निरंतर है। उनमें एक सातत्य है। भारत जैसे महादेश को संबोधित करना आसान नहीं है। इस विविधता भरे देश में वाक् चातुर्य से भरे विद्वानों, राजनेताओं, प्रवचनकारों और अदीबों की कमी नहीं है। अपनी वाणी से सम्मोहित कर लेने वाले अनेक विद्वानों को हमने सुना और परखा है। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की क्षमताएं उनमें विलक्षण हैं। वे हमारे समय के अप्रतिम संचारकर्ता हैं। संचार का विद्यार्थी होने के नाते मैं उनकी तरफ बहुत विश्लेषणात्मक दृष्टि से देखता हूं, किंतु वे अपनी देहभाषा, भाव-भंगिमा, शब्दावली और वाक् चातुर्य से जो करते हैं, उसमें कमियां ढूंढ़ पाना मुश्किल है। उनका आत्मविश्वास और शैली तो विलक्षण है ही, वे जो कहते हैं उस बात पर भी सहज विश्वास करने का मन होता है। मोदी सही मायने में संवाद के महारथी हैं। वे जनसभाओं के नायक हैं तो ट्विटर जैसे नए माध्यमों पर भी उनकी तूती बोलती है। पारंपरिक मंचों से लेकर आधुनिक सोशल मीडिया मंचों पर उनकी धमाकेदार उपस्थिति बताती है कि संवाद और संचार को वे किस बेहतर अंदाज में समझते हैं।

गुजरात के एक छोटे से कस्बे वड़नगर में पले-बढ़े नरेंद्र मोदी में ऐसा क्या है जो लोगों को सम्मोहित करता है? उनकी राजनीतिक यात्रा भी विवादों से परे नहीं रही है। गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें जिस तरह निशाना बनाकर उनकी छवि मलिन करने के सचेतन प्रयास हुए, वे सारे प्रसंग लोकविमर्श में हैं। बावजूद इसके वे हिंदुस्तानी समाज के नायक बने हुए हैं तो इसके पीछे उनकी संप्रेषण कला और देहभाषा का अध्ययन प्रासंगिक हो जाता है। नरेंद्र मोदी देश के ऐसे प्रधानमंत्री हैं, जो कभी सांसद नहीं थे और पहली बार लोकसभा पहुंचकर देश के प्रधानमंत्री बने। 2014 के आम चुनावों की याद करें तो देश किस तरह निराशा और अवसाद से भरा हुआ था। लोग राजनीति और राजनेताओं से उम्मादें छोड़ चुके थे। अन्ना आंदोलन से एक अलग तरह का गुस्सा लोगों के मन में पनप रहा था। तभी एक आवाज गूंजती है 'मैं देश नहीं झुकने दूंगा।' दूसरी आवाज थी 'अच्छे दिन आने वाले हैं।' ये दो आवाजें थीं नरेंद्र मोदी की, जो देश को एक विकल्प देने के लिए मैदान में थे। राजनीति में आश्वासनपरक आवाजों का बहुत मतलब नहीं होता, क्योंकि राजनीति तो सपनों और आश्वासनों के आधार पर ही की जाती है। किंतु नरेंद्र मोदी ने इस दौर में जो कुछ कहा उसे देश ने बहुत ध्यान से सुना। उनका दल लंबे समय से सत्ता से बाहर था और वे अपने दल की ओर से प्रधानमंत्री के उम्मीदवार बनाए जा चुके थे। जाहिर है अवसाद और निराशा से भरी जनता को एक अवसर था परख करने का। मोदी इस अवसर का लाभ उठाते हैं और जनता के मन में भरोसा जगाने का प्रयास करते हैं। वे लगातार अपनी सभाओं में कहते हैं कि वे ही इस देश को उसके संकटों से उबार सकने की क्षमता से लैस हैं। जनता मुग्ध होकर उनके भाषणों को सुनती है। अपनी अप्रतिम संवादकला से वे लोगों में यह भरोसा जगाने में सफल हो जाते हैं कि वे कुछ कर सकते हैं।

2014 में मोदी सत्ता में आते हैं और संचार के सबसे प्रभावकारी माध्यम को साधते हैं। वे आकाशवाणी पर 'मन की बात' के माध्यम से लोगों से संवाद का अवसर चुनते हैं। यानि उनका संवाद अवसर और चुनाव केंद्रित नहीं है, निरंतर है। उनमें एक सातत्य है। बदलाव के लिए, परिवर्तन के लिए, लोकजागरण के लिए। वे मन की बात को राजनीतिक विमर्शों के बजाए लोकविमर्शों का केंद्र बनाते हैं। जिसमें जिंदगी की बात है, सफाई की बात है, शिक्षा और परीक्षा की बात है, योग की बात है। मन की बात के माध्यम से वे खुद को एक ऐसे अभिभावक की तरह पेश करने में सफल होते हैं, जिसे देश और देशवासियों की चिंता है। संवाद की यही सफलता है और यही उसका उद्देश्य है। अपने लक्ष्य समूह को निरंतर अपने साथ जोड़े रखना मोदी की संवाद कला की दूसरी सफलता है। करोना संकट में भी हमने देखा कि उनकी अपीलों को किस तरह जनमानस ने स्वीकार किया, चाहे वे करोना वारियर्स के सम्मान में दीप जलाने और थाली बजाने की ही क्यों न हों। यह बातें बताती हैं कि अपने नायक पर देश का भरोसा किस तरह कायम है। मोदी अपनी देहभाषा से कमाल करते हैं। कई बार चौंकाते भी हैं। देश की गहरी समझ भी इसका बड़ा कारण है, यही कारण है वे देश के जिस हिस्से में होते हैं वहां की स्थानीय बोली, वस्त्रों और प्रतीकों का सचेत इस्तेमाल करते हैं। इसके साथ ही उनकी पोशाकें, उनका हाफ कुर्ता, जैकेट्स आज एक तरह से स्टाइल स्टेटमेंट है। उनका अनुसरण कर नौजवान आज खद्दर और सूती कपड़ों की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। हम विश्लेषण करें तो पाते हैं कि उनका समर्पित जीवन और ईमानदारी से उनकी वाणी का भी एक रिश्ता है। जब हम सिर्फ बोलते हैं तो उसका असर अलग होता है। किंतु अगर हम जो बोलते हैं उसमें कृतित्व भी शामिल हो तो बात का असर बढ़ जाता है। नरेंद्र मोदी अपनी असंदिग्ध ईमानदारी, राष्ट्रनिष्ठा और देशभक्ति के प्रतीक हैं। उनका समूचा जीवन राष्ट्र के लिए अर्पित है। ऐसा व्यक्ति जब कोई बात कहता है तो उसका असर बहुत ज्यादा होता है। क्योंकि आपकी वाणी को आपके जीवन का समर्थन है। सिर्फ देश की बात करना और देश के लिए जीना दो बातें हैं। मुझे लगता है जीवन और कर्म में एक रूप होने के नाते मोदी बाकी राजनेताओं से बहुत आगे निकल जाते हैं। क्योंकि उनकी राष्ट्रनिष्ठा पर सबको भरोसा है, इसलिए उनकी वाणी पर भी सहज विश्वास आता है। इस तरह उनकी वाणी 'भाषण' न होकर 'ह्दय से ह्दय के संवाद' में बदल जाती है। लोगों को भरोसा है कि वे हमारी ही बात कर रहे हैं और हमारे लिए ही कर रहे हैं। मोदी ने अपनी साधारण पृष्ठभूमि की बात कभी छिपाई नहीं, जब भी उनकी साधारण स्थितियों का मजाक बनाया गया तो उसे भी उन्होंने एक सफल अभियान में बदल दिया। 'चाय पर चर्चा' का कार्यक्रम किस तरह बना, उसके संदर्भ हम सबके ध्यान में हैं। नरेंद्र मोदी सही मायने में सामान्य जनों में भरोसा जगाते हैं कि अगर संकल्प हों, इच्छाशक्ति हो तो व्यक्ति क्या नहीं कर सकता। यह एक बात लोगों को उनसे कनेक्ट करती है। अनेक राजनेता हैं, जो साधारण पृष्ठभूमि से आए हैं।

किसे और क्यों बेचैन कर रही है गांधी की सादगी

हर्षदेव

साबरमती आश्रम हमारी ऐतिहासिक धरोहर है। यह आश्रम देश के इतिहास, संस्कृति और सभ्यता का एक अनमोल पड़ाव है। इसकी दीवारों पर एक गरीब देश के दुर्बल व्यक्ति के मानवीय सम्मान, अधिकार और गरिमा के लिए संघर्ष की जो गाथा बिंधी है, उसको आश्रम के रूपांतरण के बाद कैसे सुना और पढ़ा जा सकेगा! किसी भी देश का इतिहास उसके वर्तमान और भविष्य की नींव होता है। क्या हम इतिहास की विरासत के इन अभिलेखों को हमेशा के लिए मिटा देंगे? क्या वह केवल किस्से-कहानियों में सिमट कर रह जाएगी? गांधी को जानने-समझने-गुनने की आकांक्षा के साथ साबरमती आश्रम आने वाले हर आगंतुक को यहां के स्मारक अपने समय की गाथा सुनाते हैं। वे बताते हैं कि एक गरीब देश के मामूली इंसान की गरिमा स्थापित करने के लिए औपनिवेशिक काल में विपरीत परिस्थितियों के बावजूद कैसे बलिदान और त्याग का कठिन सफर तय किया गया। यह मुकाम हासिल करने के लिए गांधी ने सत्याग्रह का नया प्रयोग किया और मामूली इंसान को उसका अधिकार दिलाने के लिए विश्व के समक्ष एक विकल्प प्रस्तुत किया। यहां एक तुलना उपयोगी हो सकती है। सुकरात की जिंदगी के अंतिम वर्ष बंदीगृह में बीते। वह जिस जेल में रहे, उसकी दीवारें 2420 वर्ष बाद भी सत्य और तार्किक निष्ठा की उनकी प्रतिबद्धता का आगंतुकों के समक्ष बखान करती हैं। 2500 साल प्राचीन यह इलाका एक्रोपोलिस कहलाता है, जिसका संरक्षण सरकार करती है। आप वहां आज भी सुन सकते हैं सुकरात की प्रश्न और प्रति-प्रश्नों पर ओजस्वी वाणी। जिनको ऐतिहासिक धरोहरों की कही गाथाएं सुनाने की बात कल्पित लगती है, वे बामियान में बुद्ध की प्रतिमाओं के ध्वंस को याद करें, इन प्रतिमाओं से आते दया-करुणा और क्षमा के स्वर जब तालिबान के कानों को सुन्न करने लगे, जब बुद्ध की वाणी ने उनकी हिंसा, रक्तपिपासा और कुत्सित चिंतन को निरुत्तर कर दिया तो घबराए और बेचैन तालिबान ने उन प्रतिमाओं को विखंडित करने में ही भलाई समझी।

जर्मनी के यंत्रणा घर भी अपने समय के अत्याचार और मानवीय त्रासदी की घटनाएं हर आगंतुक को सुनाते हैं। वे बताते हैं कि आज से 9 दशक पहले इंसान को कैसे एक निरंकुश शासक के क्रूर और अमानवीय अत्याचारों का सामना करना पड़ा। सत्ता के नशे में मदहोश एक निर्मम आदमखोर ने बच्चों तक को नहीं बख्शा। इन यंत्रणा घरों को तब की दशा में जस का तस बनाए रखने का जिम्मा वहां की सरकार स्वयं उठा रही है। ये स्थान मनुष्य की आने वाली पीढ़ियों को सत्तासुरों के खिलाफ आज भी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं। सवाल उठता है कि हम मानवता की सरल और सहज तथा निष्कपट भावनाओं की उर्वर विचारभूमि के प्रतीकों को यथावत बनाए रखने के लिए संकल्पबद्ध क्यों नहीं हैं? गांधी और इनकी विचारधारा को जानने-समझने के लिए आश्रम आने वाले अतिथि उस तरह के वातावरण के अभाव में कैसा अनुभव करेंगे और उनके मन पर कैसी छवियां अंकित होंगी? हम को याद रखना चाहिए कि गांधी ने आडंबर विहीन जीवन अपनाकर इंसान की गरिमा स्थापित करने का उद्यम किया था। गांधी ने इसके लिए स्वयं त्याग और बलिदान का रास्ता चुना था। अहमदाबाद से मिल रहे समाचार बताते हैं कि साबरमती आश्रम को भव्य और अत्याधुनिक रूप प्रदान करने की योजना पर काम चल रहा है। वहां अब सैलानियों को मनोरंजन के समृद्ध साधन उपलब्ध कराए जाएंगे। पूरे परिक्षेत्र को नए आर्किटेक्चर के साथ फिर विकसित किया जा रहा है। हाशिए के आदमी के लिए संघर्ष और त्याग के प्रतीक गांधी आश्रम को मनपसंद घुमक्कड़ स्थल में बदल देंगे। क्या यह नया परिदृश्य इस देश की विनम्रता, सादगी, अभावों और सहिष्णुता के चरित्र को प्रतिबिंबित करेगी! गांधी की फकीरी, धार्मिक उदारता और मानवीय समानता के प्रयोगों के संदेश आगंतुकों को देने में समर्थ होगा! क्या यह श्रेयस्कर न होता कि साबरमती आश्रम में गांधी पर शोध करने वालों के लिए विशेष अवसर देने की योजनाएं बनाई जातीं, वहां सत्य और अहिंसा की वर्तमान समाज में स्थिति पर संगोष्ठियों का आयोजन कराया जाता, गांधी दर्शन पर विचार-विमर्श होता और 21वीं सदी के आधुनिक समाज तक गांधी की दृष्टि से विचार करने और उस पर अनुसंधान की कोशिश की जाती?

विराट कोहली ने हासिल किया खास मुकाम, ऐसा करने वाले केवल पहले खिलाड़ी बने

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन के 31वें मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम का सामना रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर से हो रहा है।

यह मैच आबु धाबी के शेख जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। आरसीबी के कप्तान विराट कोहली ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया है। दोनों टीमों के बीच इस सीजन हुई पहली भिड़ंत में बैंगलोर ने कोलकाता को 38 रनों से शिकस्त दी थी। इस मैच में टॉस होने और प्लेइंग इलेवन का हिस्सा होने के साथ ही कोहली ने एक खास मुकाम हासिल कर? लिया है। कोहली अब आईपीएल में किसी एक टीम के लिए 200 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। कोहली आईपीएल में 200 मैच खेलने वाले पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं। कोहली ने आईपीएल में अपना पहला मैच भी कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए ही खेला था। कोहली आरसीबी के लिए 200 मैच खेलने वाले खिलाड़ी बन गए हैं। इसके साथ ही वह एक टीम के लिए 200 मैच खेलने वाले वह पहले भारतीय भी बन गए हैं। कोहली से पहले भारत के लिए ये कारनाम कोई भी खिलाड़ी नहीं कर पाया है। उनसे पहले महेंद्र सिंह धोनी, दिनेश कार्तिक, रोहित शर्मा और सुरेश रैना आईपीएल में 200 मैच खेल चुके हैं। लेकिन वो अलग-अलग आईपीएल टीमों के लिए खेले हैं। अब तक दुनिया में कोई भी क्रिकेटर किसी एक टीम के लिए 200 टी20 मैच नहीं खेला है। कोहली आईपीएल के पहले सीजन से ही रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने एक भी सीजन किसी और फ्रेंचाइजी के लिए नहीं खेला है। आईपीएल में एक टीम के लिए सबसे ज्यादा मैच खेलने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में कोहली के अलावा धोनी का चेन्नई सुपर किंग्स के लिए 182 मैच, सुरेश रैना का चेन्नई के लिए 172 मैच, कीरोन पोलार्ड का मुंबई इंडियंस के लिए 172 मैच और रोहित शर्मा का मुंबई के लिए 162 मैच खेलने का रिकॉर्ड है।

धोनी और रैना के पास इस रिकॉर्ड को बनाने का मौका था। लेकिन चेन्नई सुपर किंग्स को आईपीएल से फिक्सिंग के कारण दो साल तक बैन करने के कारण दोनों खिलाड़ियों ने दो सीजन अलग-अलग टीमों का प्रतिनिधित्व किया था। कोहली अगर इस मुकाबले में 71 रन बना लेते हैं तो टी20 क्रिकेट प्रारुप में उनके 10,000 रन पूरे हो जाएंगे और वह इस मुकाम को हासिल करने वाले भारत के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे। कोहली अगर 71 रन और बना लेते हैं तो वह टी20 क्रिकेट में 10,000 रन बनाने वाले भारत के पहले और दुनिया के पांचवें बल्लेबाज बन जाएंगे। कोहली भारत के लिए टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट, दिल्ली के लिए घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में आरसीबी के लिए टी20 क्रिकेट खेलते हैं। उन्होंने अबतक कुल मिलकार 311 टी20 मैचों में 9929 रन बनाए हैं। इसमें उनका स्ट्राइक रेट 133.95 का रहा है। साथ ही उन्होंने 2007 से लेकर 2021 तक टी20 क्रिकेट में पांच शतक और 72 अर्धशतक लगाए हैं।

एमएस धोनी के दिमाग के फैन हुए वीरेंद्र सहवाग, कहा- पूरे आईपीएल में इनकी टक्कर का कोई नहीं

नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स को मिली जीत का सेहरा भले ही ऋतुराज गायकवाड़ और ड्वेन ब्रावो के सिर सजा हो, लेकिन मैच की तस्वीर बदलने का काम सीएसके के कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने किया। मुंबई को तूफानी शुरुआत देकर तेजी से रन बटोर रहे क्विंटन डिकॉक के खिलाफ माही द्वारा लिया गया डीआरएस एकदम सही साबित हुआ और शायद वह मुकाबले का सबसे बड़ा टर्निंग पॉइंट भी रहा। धोनी के दिमाग और उनकी रणनीति को देखकर भारत के पूर्व बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग उनके कायल हो गए हैं। सहवाग के मुताबिक आईपीएल में सीएसके के कैप्टन जैसा दिमाग किसी के पास नहीं है। क्रिकबज के साथ बातचीत करते हुए सहवाग ने कहा, एमएस धोनी की कप्तानी लाजवाब थी इसमें कोई शक नहीं है। वह गेम से पहले प्लान नहीं करते हैं। वह फील्ड पर चीजों को देखते हैं और फिर उसके हिसाब

से कॉल लेते हैं। वह सामने वाली टीम के बल्लेबाजों को देखते हैं और उसके मुताबिक की बॉलिंग अटैक लगाते हैं। वह इस तरह से अनुमान लगाते हैं कि अगर एक बल्लेबाज पेसर के खिलाफ आसानी से रन बना रहा है तो वह स्पिनर को ले आते हैं। सबसे शानदार उदाहरण रहा जब उन्होंने ड्वेन ब्रावो के लिए फील्ड सेट की। चार खिलाड़ी एक रन रोकने और विकेट की संभावना बनाने के लिए सर्कल के अंदर। और इसी तरह से उन्होंने ईशान किशन का विकेट झटका।

सहवाग ने कहा कि धोनी के पास सबसे शार्प माइंड है। उन्होंने कहा, वह वास्तव में बेहतरीन कप्तान हैं, लेकिन उनके गेंदबाज भी सेट की गई फील्डिंग के हिसाब से ही गेंदबाजी करते हैं। अगर इस लीग में किसी के पास सबसे तेज दिमाग है तो वह हैं महेंद्र सिंह धोनी। सहवाग ने कीरोन पोलार्ड के विकेट को मैच का टर्निंग पॉइंट बताया। वीरू ने कहा कि धोनी जानते थे कि अगर पोलार्ड के सामने स्पिनर को लेकर आएंगे तो वह बड़े-बड़े शॉट्स लगाएंगे। मुंबई के खिलाफ हालांकि धोनी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके थे और महज 3 रन बनाकर पवेलियन लौटे थे।

कप्तानी छोड़ने से पहले क्या आरसीबी को चैंपियन बना पाएंगे विराट भैया, युजवेंद्र चहल ने दिया जवाब

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2021 के दूसरे चरण का आगाज हो चुका है। विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम सोमवार को 31वें मुकाबले से इस लेग में अपने अभियान की शुरुआत की करेगी। आरसीबी को अबू धाबी के शेख जाएद क्रिकेट स्टेडियम में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अपना मुकाबला खेलना है। कप्तान के रूप में कोहली का आईपीएल में यह आखिरी सीजन होगा। इस सीजन के बाद कोहली आरसीबी की कप्तानी से इस्तीफा दे देंगे। ऐसे कोहली कप्तानी छोड़ने से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को पहली बार आईपीएल चैंपियन बनाना चाहेंगे। इस बीच, आरसीबी के लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का मानना है कि कप्तानी छोड़ने से पहले कोहली आईपीएल 2021 को एक विशेष अवसर बनाएंगे और वह खिताब दिलाएंगे, जिसका कि टीम को 14 साल से इंतजार है। चहल ने द टाइम्स आफ इंडिया से बातचीत में कहा, मैं बहुत खुश हूं कि आईपीएल फिर से शुरू हो गया है। आरसीबी ने सीजन की वाकई शानदार शुरुआत की थी। हमारे पास अपना पहला खिताब जीतने का बड़ा मौका है। मुझे यकीन है कि विराट भैया इस बार आरसीबी को अपना पहला खिताब दिलाएंगे। विराट भैया एक ही तरह रहते हैं, जब वह आरसीबी और भारत की कप्तानी करते हैं। जीत की उनकी भूख और रनों की भूख आरसीबी और भारत दोनों के लिए समान है। मैं खुशकिस्मत हूं कि जब मैं दोनों रंगों (आरसीबी और भारत के लिए) उनकी कप्तानी में खेलता हूं।आरसीबी ने आईपीएल 2021 के पहले हाफ में अच्छी शुरुआत की थी और इस समय वह 7 मैचों में 10 अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। टीम ने पहले हाफ में पांच मुकाबले जीते थे। कोहली की कप्तानी में आरसीबी की टीम अबतक एक बार आईपीएल फाइनल और दो बार आईपीएल प्लेऑफ खेले हैं, लेकिन टीम अबतक एक बार भी ट्रॉफी जीतने में सफल नहीं रही है। आईपीएल में कोहली की कप्तानी का रिकॉर्ड थोड़ा खराब है। आरसीबी की टीम ने कोहली की कप्तानी में 132 मैचों में केवल 60 जीते हैं और 65 हारे हैं।

क्रिस गेल के बाद सैमी ने किया पाकिस्तान का सपोर्ट, पूछा- लाहौर में गली क्रिकेट खेलने के लिए कौन कौन आ रहे साथ

नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान की नागरिकता हासिल कर चुके वेस्टइंडीज के वर्ल्ड कप विजेता पूर्व कप्तान डेरेन सैमी का पाक प्रेम जगजाहिर है। नागरिकता हासिल करने के बाद से ही सैमी हर मामले पर पाकिस्तान का सपोर्ट करते नजर आए हैं। न्यूजीलैंड ने हाल में सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए पाकिस्तान का दौरा रद्द कर दिया था और इस पर सैमी ने निराशा जाहिर की थी। सैमी ने अब इस मामले पर दुनिया का ध्यान पाकिस्तान की ओर दिलाने की कोशिश की है। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें सैमी फैंस को लाहौर में गली क्रिकेट मैच खेलने के लिए बुला रहे हैं। जाल्मी ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, अगली बार पाकिस्तान के लाहौर में गली क्रिकेट मैच खेलने के लिए कौन कौन मेरे साथ जुड़ रहे हैं। इस वीडियो में सैमी पाकिस्तान के लोकल लोगों के साथ गली क्रिकेट खेलते हुए नजर आ रहे है।

साढ़े चार सालों में स्टाम्प विभाग का राजस्व 1.5 गुणा बढ़ा : रविन्द्र

राज्यमंत्री (स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क) रविन्द्र जायसवाल ने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में की समीक्षा बैठक

अखंड भारत संदेश

भदोही। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग उ0प्र0 रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को भदोही का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होने गेस्ट हाउस ज्ञानपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार मिश्र एवं अन्य विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान उन्होंने राजस्व प्रगति का जायजा लिया, तथा जिलाधिकारी एवं अपर जिलाधिकारी को निर्देश दिया कि इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाए कि कोई व्यक्ति कृषि के नाम पर जमीन खरीद कर कॉमर्सिल प्रयोग तो नही कर रहा है। इसके साथ ही उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभाग में शून्य प्रतिशत करप्सन होना चाहिए। इसके साथ उन्होंने स्टाफ की कमी एवं अन्य समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली।

श्री जायसवाल उत्तर प्रदेश सरकार के साढ़े चार वर्ष पूर्ण होने पर कहा कि मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी जी के नेतृत्व में आज उ0प्र0 देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा हैं। प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद से प्रदेश नित्य

नई उचाईयों को प्राप्त कर रहा है। भाजपा सरकार की नीतियों के कारण आज देश विदेश के लोगों में प्रदेश निवेश करने का चलन बढ़ा है सरकार के प्रति विश्वास भी। वर्तमान भाजपा सरकार को पिछले सरकार द्वारा विरासत में मिले भष्टाचार, भय एवं आतंक के माहौल के खिलाफ लगातार प्रयासरत रही और कानून, व्यवस्था को सुदृढ़ किया, जिससे लोगों ने अपने अशियाने बनाये और निवेशकों ने अधिक से अधिक निवेश किया। जिसके वजह से प्रदेश में निबंधन की संख्या बढ़ा है। पिछली सरकार की नीतियों के कारण वित्तीय वर्ष 2016-2017 में जहॉ स्टाम्प एवं निबंधन विभाग को 11643.84 करोड़ सकल राजस्व की प्राप्ति हुई थी। वही वर्तमान में योगी जी के नेतृत्व में पिछले 4 वर्षो में उत्तरोतर वृद्धि करते हुए विभाग ने वित्तीय वर्ष 2020-21 में 16532.56 करोड़ का सकल राजस्व प्राप्त किया। पिछले लगभग 1.5 वर्षो में करोना महामारी के दृष्टिगत प्रदेश भर के निवेशकों ने प्रदेश की नीतियों पर भरोसा दिखाते हुए निवेश और प्रदेश को निवेश की राजधानी बनाया। विगत साढ़े चार सालों में विभाग द्वारा निम्न कार्य जनहित में संपादित किये।

दिसम्बर 2017 से ऑनलाइन रजिस्टेड्शन प्रणाली लागू किये जाने के फलस्वरूप आमजन मानस को विलेखों के निबन्धन मे सुगमता हुई है। सभी निबन्धक कार्यालयों में लैपटाप उपलब्ध कराये जाने से अशक्त एवं दिव्यांगजनों को निबन्धन की सुविधा भूतल पर उपलब्ध करायी गयी है। पिछली सरकारों द्वारा भ्रष्टाचार, भय एवं आतंक के माहौल के कारण निवेशकों ने उत्तर प्रदेश से दूरी बना ली थी जिसके कारण प्रदेश में निवेश कम हुआ। फलस्वरूप उद्योगों की कमी के कारण प्रदेश के निवासियों को रोजगार के लिए अन्य प्रदेशों में जाना पड़ा। इसकी विभीषिका हमें कोरोना काल में देखने को भी मिला था, इन सब कठिनाईयों को देखते हुए मुख्यमंत्री जी के कालांतर में दूरदर्शी निर्णय लिया जिसके परिणामस्वरूप प्रदेश तरक्की की राह पर चल निकला है। उन्होंने कहा कि ई-स्टाम्पिंग व्यवस्था लागू करने से जहॉ एक तरफ सामान्य जन को स्टाम्प आसानी से उपलब्ध कराया जा रहा है। वही दूसरी तरफ ई-स्टाम्प जारी करने हेतु बैंकों तथा स्टाम्प वेण्डर्स को अधिकृत कर रोजगार के नये अवसर विकसित किये गये हैं। वर्तमान में सभी धनराशि के ई-स्टाम्प निर्गत किये जाने की व्यवस्था की गई है। पिछले साढ़े चार सालों में प्रदेश में सर्किट रेट में कोई वृद्धि नही की गयी है, जिससे जनता ने राहत का अनुभव किया है।

सीवर की सफाई के लिए करें मशीनों का उपयोग : छाया देवी

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्या छाया देवी सफाई कर्मियों की समस्याओ को सून निस्तारण का दिया आदेश

अखंड भारत संदेश

भदोही। सदस्या राज्य सफाई कर्मचारी आयोग छाया देवी सोमवार को जनपद भदोही के भ्रमण पर रही। उन्होंने नगर पंचायत/नगर पालिका परिषद एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ तहसील सभागार ज्ञानपुर में बैठक की।

इस दौरान सदस्या ने नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों के सभी सफाई कर्मचारियों का मानदेय समय से देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि सभी संविदा कर्मचारियों की माह में चार छुट्टियां अवश्य दिया जाए। सर्दियों के समय महिला सफाई कर्मचारियों को स्वेटर तथा पुरुष कर्मचारियों को गरम कपड़े दिए जाने का निर्देश अधिशासी अधिकारियों को दिया। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य में आ रही अनियमितताओं को शीघ्र दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि सीवर में कार्यरत कर्मचारियों को समय से वेतन दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि दैनिक कर्मचारियों व वार्डों में ड्यूटी, वेतन, एरियर, साप्ताहिक छुट्टी सहित अन्य समस्याओं का सयमबद्ध निस्तारण किया जाए। इसमें जिस स्तर पर लापरवाही होगी तो सम्बधिंत के

विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। श्रीमती माया देवी आज तहसील सभागार ज्ञानपुर में सफाई कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रही थीं। उन्होने नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवर की सफाई के लिए मशीनों का प्रयोग किया जाए। किसी भी स्थिति में किसी सफाई कर्मी को सीवर में उतरने के लिए मजबूर न किया जाए। उन्होंने कहा कि आउटसोर्सिंग, संविदा, सफाई कर्मियों के मानदेय से नियमानुसार ईपीएफ एवं ईएसआई काटा जाए। यह भी सुनिश्चित कराया जाए कि सभी कर्मियों को भुगतान हुआ है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि नियमित व संविदा सफाई कर्मचारियों के देयक यदि लम्बित है तो उसके स्पष्ट कारणों सहित रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने उपस्थित सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को सुना तथा नियमानुसार समय से उनके निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। इस दौरान राज्य सफाई कर्मचारी आयोग की सदस्या ने बताया कि वाल्मीकि दैनिक कर्मचारियों व वार्डों में ड्यूटी, वेतन, एरियर, साप्ताहिक छुट्टी सहित अन्य समस्याओं के बारे में आप द्वारा हमें जानकारी दी गई है। उन्होंने कहा कि जीवन अमूल्य है, हमें अपना कार्य कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करना चाहिए, तभी हमारा जीवन दूसरों के लिए प्रेरणा बन सकता है। वहीं जीवन की सुरक्षा के लिए सफाई अत्यंत आवश्यक है। जीवन का मूल मंत्र ही स्वच्छता होना चाहिए। बैठक के दौरान एक महिला प्रार्थिनी ने जनपद में सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने के लिए मांग पत्र दिया। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री के संज्ञान में ये बात रखने की बात कहकर प्रार्थिनी को आश्वस्त किया। बैठक में समाज कल्याण अधिकारी महेंद्र यादव, जिला सूचना अधिकारी प्रवीण मालवीय, डूडा अधिकारी शशि कुमार मन्होस्त्री, अधिशासी अधिकारी एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है अमृत महोत्सव

अखंड भारत संदेश

भदोही। क्षेत्रीय लोकसंपर्क ब्यूरो, सूचना और प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार ,वाराणसी द्वारा भदोही जनपद के औराई विकास खंड के पीपर गांव स्थित ज्योति बाल विद्या निकेतन परिसर में आजादी का अमृत महोत्सव और राष्ट्रीय पोषण माह पर गोष्ठी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, समूह चर्चा चित्र प्रदर्शनी, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है, हम सभी लोग आजादी दिलाने वाले लोगों के बलिदान को याद करते हुए अपनी जिम्मेदारियों को भी निभायें। ऐसे आयोजन से लोगों को देश के लिए शहीद हुए लोगों की जानकारी मिलती है, साथ ही उनसे प्रेरणा लेकर हम भी देशसेवा को प्रेरित

होते है। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी ,वाराणसी ,डॉ लालजी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव का आयोजन हमे अपने देश की आजादी के भूले बिसरे स्वतंत्रता सेनानियों की याद दिलाता है। सितंबर माह पूरे देश में पोषण माह के तौर पर मनाया जा रहा है, इसके तहत बच्चे के प्रथम 1000 दिन पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इन 1000 दिनों में 9 माह की गर्भावस्था, 6 महीने तक सिर्फ स्तनपान और 6 महीने से 2 वर्ष तक अल्पपोषण के समाधान पर केंद्रित उपाय सुनिश्चित किये जाते है, जिससे कि मां और बच्चा कुपोषित न हो। आंगनवाड़ी सेवा के माध्यम से बच्चे के समग्र विकास के लिए 3 से 6 साल उम्र तक पोषक आहार प्रदान किये जाते है। इसके अलावा मां और बच्चों को निःशुल्क टीकाकरण के माध्यम से भी स्वस्थ रखा जाता है। मिशन इंद्रधनुष, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, स्वच्छ भारत अभियान इत्यादि ये भारत सरकार की वे योजनाएं है, जिसके द्वारा कुपोषण से मुकाबला किया जा रहा है।

अब अनपरा से सीधे होगी विद्युत आपूर्ति : भाष्कर

भाजपा विधायक ने सरकार के साढ़े चार साल कार्यकाल की गिनाई उपलब्धियां

अखंड भारत संदेश

घोसिया। औराई क्षेत्र अन्तर्गत भारतीय जनता पार्टी कार्यालय त्रिलोपुर में भाजपा विधायक एवं पूर्व मंत्री दीनानाथ भाष्कर ने सरकार के कार्यकाल का साढ़े चार वर्ष पूर्ण हो जाने पर पत्रकारों के साथ प्रेस वार्ता किया। इस दौरान विधायक दीनानाथ भाष्कर ने सरकार के उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास के तर्ज पर काम काम कर रही है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में करोड़ों रूपयों की लागत से चार पुल आईटीआई कालेज, ट्रामा सेंटर, रोडवेज बस स्टैंड के साथ-साथ भगवानपुर में 220एमबीए व 40एमबीए का संयुक्त पावर हाउस

का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे लोगों विद्युत व्यवस्था में सहूलियत मिलेगी। उस पावर हाउस के बन जाने पर अनपरा से सीधे विद्युत की आपुर्ति नव निर्मित विद्युत केन्द्र में होगी। कहा कि मुख्यमंत्री के माध्यम से ज्ञानपुर में एक गेस्ट हाउस बनेगा, जिससे मीटिंग क्रान्फ्रेंस इत्यादि कार्यक्रम करने में सुविधा होगी। कहा कि इतिहास में पहली बार क्षेत्र में सत्रह सांस्कृतिक मंच बनाया गया है तथा सात सांस्कृतिक मंचों का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। क्षेत्र में आंगनवाड़ी केन्द्र, बीज गोदाम, पशु चिकित्सालय का निर्माण कार्य कराया गया है। विधानसभा क्षेत्र में बिजली, पानी, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, राशनकार्ड, विधवा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि योजना का लाभ सीधे जनता को मिल रही है। विधायक भाष्कर ने कहा कि मीरजापुर रोड माधोसिंह में रेलवे लाइन के उपर से ओवरब्रिज बनाया जायेगा तथा रामपुर गंगा घाट पर पाइप लाइन का कार्य कराया जायेगा। कहा कि चौरी रोड मानिकपुर से उगापुर होते हुए महथुआ तक सोलह किलोमीटर का पांच मीटर चौड़ा रोड बनाया जायेगा, जिससे आने-जाने वालों को कोई परेशानी न हो सके। उन्होंने कहा कि ज्ञानपुर पुरानी बाजार से लाला नगर जीटीरोड चन्द्रपुरा होते हुए बर्जी भवानीपुर से गोपपुर होते हुए ओबीटी कम्पनी तक लगभग 21 किलो मीटर रोड स्वीकृत होगी। विधायक भाष्कर ने कहा कि शासन से क्षेत्र में विकास कार्य कराने के लिए चार करोड़ रुपये स्वीकृत हुआ है, जिससे जनता के लिए छोटा बड़ा कार्य कराया जायेगा। कहा कि विभिन्न गांवों में 875 नया हैण्डपम्प लगाया गया है तथा जल जीवन मिशन के तहत पानी की सुविधा के लिए प्रथम फेज में 90 ग्रामसभाओं में जलनिगम पानी टंकी लगाने की तैयारी चल रही है,

बीजेपी नेता उमा भारती बोलीं- चप्पल उठाने वाली होती है ब्यूरोक्रेसी, वीडियो वायरल

भोपाल (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) की वरिष्ठ नेता, पूर्व केंद्रीय मंत्री और मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री रहीं उमा भारती ने विवादित बयान देते हुए कहा,नौकरशाही की कोई अहमियत नहीं होती और यह सिर्फ चप्पल उठाने वाली होती है। बताया जा रहा है कि उमा भारती ने शनिवार को यह बात कही थी, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वह वीडियो में कहती हुई सुनाई दे रही हैं, आपको क्या लगता है ब्यूरोक्रेसी नेता को घुमाती है, लेकिन ऐसा नहीं होता। अकेले में बात हो जाती है फिर नौकरशाह फाइल बनाकर लाते हैं। हमसे पूछो, 11 साल केंद्र में मंत्री, और मुख्यमंत्री रही हूं। उमा भारती

कहती हैं, ब्यूरोक्रेसी चप्पल उठाने वाली होती है, चप्पल उठाती है हमारी।

निजीकरण और आरक्षण पर बात करते हुए उमा भारती ने कहा, जब तक निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू नहीं होगा तब तक इससे कुछ नहीं होने वाला है। हर चीज का निजीकरण हो रहा है। सरकारी जमीन प्राइवेट सेक्टर को दी जा रही है और आरक्षण का क्या होगा। शरद मुझसे सहमत हैं और नीतीश कुमार भी। लेकिन आपको इसे (आरक्षण के लिए आंदोलन) शुरू कर देना चाहिए।उमा भारती का यह वीडियो सामने आने के बाद कांग्रेस पार्टी ने आलोचना करते हुए कहा है कि नौकरशाही के लिए ऐसी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। उन्हें भारती को अपने शब्द वापस लेने चाहिए। दरअसल शनिवार को अन्य पिछड़ा वर्ग महासभा का प्रतिनिधिमंडल उमा भारती से मिलने भोपाल स्थित उनके आवास पहुंचा था। इस दौरान प्रतिनिधमंडल ने ओबीसी की जातिगत जनगणना और निजीकरण में आरक्षण को लेकर उन्हें 5 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा था। वीडियो वायरल होने के बाद उमा भारती ने ट्विटर पर एक के बाद एक कई ट्वीट के जरिए सफाई दी है। उन्होंने लिखा, मैं मीडिया की आभारी हूं कि उन्होंने मेरा पूरा ही विडीओ दिखा दिया, क्योंकि मैं तो ब्यूरोक्रेसी के बचाव में ही बोल रही थी । हम नेताओ में से कुछ सत्ता में बैठे निक्कमे नेता अपने निकम्मेपन से बचने के लिए ब्यूरोक्रेसी की आड़ ले लेते हैं कि हम तो बहुत अच्छे हैं लेकिन ब्यूरोक्रेसी हमारे अच्छे काम नही होने देती, जबकी सच्चाई यह है की ईमानदार ब्यूरोक्रेसी सत्ता में बैठे हुए मजबूत, सच्चे और नेक इरादे वाले नेता का साथ देती है। यही मेरा अनुभव है। मुझे रंज हैं की , मैंने असंयत भाषा का किया जब की मेरे भाव अच्छे थे। मैंने आज से यह सबक सीखा की सीमित लोगों के बीच अनौपचारिक बातचीत में भी संयत भाषा का प्रयोग करना चाहिए।

हिमाचल प्रदेश में सियासी जमीन तलाशेगी आप, 2022 में सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव

नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी अब हिमाचल प्रदेश में भी अपनी सियासी जमीन की तलाश में जुट गई है। आम आदमी पार्टी ने सोमवार को कहा कि वो नवंबर 2022 में हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में राज्य की सभी 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसी के साथ यह छठा राज्य होगा जहां पर आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव लड़ रही है। इससे पहले उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात और गोवा में चुनाव लड़ रही है। आम आदमी पार्टी हिमाचल प्रदेश के प्रभारी रत्नेश गुप्ता ने सोमवार को कहा कि पार्टी ने हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव में सभी 68 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, गुजरात और गोवा के बाद यह छठा राज्य है जहाँ झ् विधानसभा चुनाव लड़ रही है।

बता दें कि पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने रविवार को बताया कि उसका मुख्यमंत्री चेहरा कैसा होगा। आप के नेता राघव चड्ढा ने कहा कि उनकी पार्टी की तरफ से पंजाब में मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार प्रदेश से ही आने वाला कोई ऐसा व्यक्ति होगा, जिसे प्रदेश का गौरव कहा जा सकता है।

पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं और आप इस चुनावी जंग को जीतने के लिये तैयारी में जुटी है। पार्टी ने पहले ही कह रखा है कि अगर वह प्रदेश में अगली सरकार बनाती है तो लोगों को बिजली की 300 यूनिट मुफ्त दी जाएगी।

हमने गांधी को भी नहीं छोड़ा, मंदिर विवाद पर कर्नाटक सरकार को धमकाने वाला हिंदू महासभा नेता अरेस्ट

मंगलुरू (एजेंसी)। कर्नाटक में हिंदू महासभा के प्रदेश सचिव धर्मेंद्र को आज गिरफ्तार कर लिया गया। धर्मेंद्र ने पिछले दिनों मैसूर में मंदिर ढहाए जाने के बाद मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई और भाजपा सरकार को धमकी दी थी। शनिवार को एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान धर्मेंद्र ने कहा था कि अगर प्रदेश में मंदिरों को ढहाया जाना जारी रहा तो महासभा भाजपा सरकार को छोड़ेगी नहीं। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान धर्मेंद्र ने यहां तक कह दिया था कि हिंदुओं की रक्षा के लिए हमने गांधी तक को नहीं छोड़ा। तुम लोग हमारे लिया क्या चीज हो। हम तुम्हें भी नहीं छोड़ेंगे। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री बोम्मई, पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा और स्टेट मुजरई मिनिस्टर शशिकला जोले का नाम भी लिया था। धर्मेंद्र ने कहा था कि उन्हें संघ परिवार से जुड़े संगठनों पर दया आती है। अगर वो मंदिर ढहाने के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं तो उन्हें आने वाले चुनाव में भाजपा को हरा देना चाहिए। उन्हें हिंदू महासभा का साथ देना चाहिए जो हिंदुत्व की पार्टी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि धर्मेंद्र के खिलाफ समुचित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। इसके अलावा महासभा के नेता राजेश पवित्रण, प्रेम, संदीप और अन्य कार्यकर्ताओं से भी पूछताछ होगी। इससे पूर्व धर्मेंद्र की टिप्पणी पर एक्शन लेते हुए हिंदू महासभा के प्रदेश अध्यक्ष ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। धर्मेंद्र के खिलाफ संगठन का नाम लेकर भाजपा सरकार की आलोचना करने का मामला दर्ज कराया गया है।

पंजाब के बाद छत्तीसगढ़ में कांग्रेस बदलेगी सीएम? फिर दिल्ली दरबार में टीएस सिंह देव

रायपुर (एजेंसी)। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बीच सत्ता बंटवारे के फार्मूले की खबरों के बीच राज्य के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव सोमवार को फिर दिल्ली पहुंचे। सिंह देव ने इसे एक व्यक्तिगत यात्रा बताया। हालांकि, उन्होंने राजधानी दिल्ली में कांग्रेस के कुछ वरिष्ठ नेताओं से मिलने की संभावना से इनकार नहीं किया। टीएस सिंह देव का यह दौरा पंजाब में नेतृत्व परिवर्तन के फैसले के बाद देखने को मिला है। ऐसे में यह चर्चा शुरू हो गई है कि क्या पंजाब के बाद अब छत्तीसगढ़ की बारी तो नहीं है। सोमवार को दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचने के बाद मीडिया से बात करते हुए टीएस सिंह देव ने कहा कि यह पूरी तरह से व्यक्तिगत दौरा है। मैं अपनी बहन के जन्मदिन के लिए दिल्ली आया हूं। जैसा कि आप जानते हैं, पार्टी आलाकमान में से कोई भी यहां नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में सब कुछ सामान्य है और जो भी मुद्दे थे उन्हें सुलझा लिया गया है।वहीं, सिंह देव के

एक करीबी पदाधिकारियों ने भी कहा कि वह व्यक्तिगत यात्रा पर हैं ओर बुधवार को दिल्ली से लौटेंगे। वहीं, सिंह देव के एक करीबी ने बताया कि दिल्ली में एक पारिवारिक समारोह है जिसमें वह मंगलवार को शामिल होंगे। अभी तक कुछ भी राजनीतिक नहीं है। 28 अगस्त को कांग्रेस हाई कमान के साथ लंबी मीटिंग के बाद भूपेश बघेल से पद छोड़ने का सुझाव दिया गया था। इसके पीछे उनके और टीएस सिंहदेव के बीच ढाई साल के पावर शेयरिंग समझौते का हवाला दिया गया था। लेकिन लगता है कि भूपेश बघेल को फिलहाल कुछ राहत मिल गई है। तब सिंह देव ने कहा था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी अगले सप्ताह राज्य का दौरा करेंगे, खासकर बस्तर में जो काम हो रहा है, उसे देखने के लिए। अगले दिन जब टीएस सिंह देव राज्य वापस पहुंचे तो उन्होंने कहा कि उनकी हाई कमान से बात हुई है और उन्होंने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है।

बता दें कि 2018 में कांग्रेस के प्रभावशाली प्रदर्सन के बाद पार्टी ने छत्तीसगढ़ की 90 में से 68 सीटें जीतीं। इसके बाद हाई कमान ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में नेतृत्व को लेकर चल रहे किचकिच के बीच छत्तीसगढ़ भी एक समस्या के रूप में उभरा। राज्य के चार नेता, बघेल, गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू, स्पीकर चरण दास महंत और सिंह देव मुख्यमंत्री पद के लिए दिल्ली के लिए रवाना हो गए। ऐसे में सभी की नजरें मुख्यमंत्री पद के लिए थीं। जैसे ही चरणदास महंत का नाम स्पीकर के लिए आगे आया बघेल और सिंह देव के बीच मतभेद सामने आए गए।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने पंजाब के नए सीएम चन्नी को बताया महिलाओं के लिए खतरा, कहा- मी टू में लगे आरोप

नई दिल्ली (एजेंसी)। पंजाब के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेते ही चरणजीत सिंह चन्नी नए विवाद में घिर गए हैं। 2018 में मी टू मूवमेंट के दौरान महिला आईएएस अधिकारी को अश्लील मैसेज भेजने का आरोप झेल चुके चन्नी को राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने चन्नी को महिला सुरक्षा के लिए खतरा बताया है। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई की एक महिला की अगुआई वाली पार्टी ने चन्नी को पंजाब का सीएम बनाया है। रेखा शर्मा ने कहा, 2018 के मी टू मूवमेंट के दौरान उनके (पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी) खिलाफ आरोप लगाए गए थे। राज्य महिला आयोग ने मामले का स्वतः संज्ञान लिया और अध्यक्ष उन्हें हटाने की मांग को लेकर धरने पर बैठीं, लेकिन कुछ नहीं हुआ। चन्नी तब अमरिंदर सरकार में मंत्री थे। शर्मा ने आगे कहा, आज उन्हें पंजाब का मुख्यमंत्री उस पार्टी की ओर से बनाया गया है, जिसकी प्रमुख एक महिला हैं। यह धोखा है। वह महिला सुरक्षा के लिए खतरा हैं। उनके खिलाफ जांच होनी चाहिए। वह मुख्यमंत्री बनने लायक नहीं हैं। मैं सोनिया गांधी (कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष) से अपील करती हूं कि उन्हें मुख्यमंत्री पद से हटाया जाए। साल 2018 में एक महिला आईएएस अधिकारी ने आरोप लगाया था कि चरणजीत सिंह चन्नी ने उन्हें अश्लील मैसेज बेजे थे। इसके बाद पंजाब महिला आयोग की अध्यक्ष मनीषा गुलाटी ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगते हुए कार्रवाई करने को कहा था।

राज कुंद्रा को मिली जमानत, बोले- मुझे बलि का बकरा बनाया गया

नई दिल्ली (एजेंसी)। जाने-माने बिजनेसमैन और बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी के पति राज कुंद्रा को मुंबई के एक कोर्ट से राहत मिली है। उनकी जमानत याचिका पर आज सुनवाई हुई और आखिरकार उन्हें 20 सितंबर को जमानत मिल गई। उनके साथ-साथ पोर्नोग्राफी केस में आरोपी रयान थोरपे को भी बेल दे दी गई है। अश्लील फिल्म मामले में आरोपी कारोबारी राज कुंद्रा ने शनिवार को मुंबई की अदालत में जमानत अर्जी दाखिल की थी। कुंद्रा ने दावा किया था कि कि उन्हें बलि का बकरा बनाया जा रहा है।

मामले में दाखिल पूरक आरोप पत्र में कोई सबूत नहीं है जो कथित आपत्तिजनक फिल्म बनाने में उनकी प्रत्यक्ष संलिप्तता को साबित करे। अधिवक्ता प्रशांत पाटिल के जरिये दाखिल जमानत अर्जी में कुंद्रा ने दावा किया कि आज की तरीख तक अभियोजन के पास एक भी सबूत नहीं है जो 'हॉटशॉट्स' एप को कानून के आधार पर अपराध के साथ संबद्ध कर सके। जमानत अर्जी में यह भी कहा गया कि पूरे पूरक आरोप पत्र में एक भी आरोप

मौजूदा आवेदक यानी राज कुंद्रा के खिलाफ नहीं है जो इंगित करे कि वह किसी वीडियो की शूटिंग में सक्रिय रूप से शामिल थे। बल्कि यह कलाकार के विवेक पर है कि वह सामग्री एप पर अपलोड करे या नहीं करे।बता दें कि राज कुद्रा को अश्लील वीडियो बनाने के आरोप में घ्ण् के तहत संबंधित धाराओं और आईटी एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया था। 19 जुलाई को गिरफ्तारी के बाद आज 20 अगस्त यामनी लगभग दो महीनों बाद जाकर उन्हें जमानत मिली है। वहीं, अभी तक इस मामले में राज कुंद्रा की ओर से कोई स्टेटमेंट नहीं आया है। वहीं, अब देखने होगा कि जमानत पर बाहर आने के बाद राज अपने ऊपर लगे आरोपों को लेकर क्या सफाई देते हैं।

सीतापुर जेल में बंद आजम खां से पूछताछ, मनी लॉड्रिंग में तीन घंटे तक पूछे गए सवाल

सीतापुर (एजेंसी)। सपा सांसद आजम खां की मुश्किलें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। सोमवार दोपहर बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की दो सदस्यीय टीम ने आकर सांसद खां से पूछताछ की, जो तीन घंटे तक चली। कारागार में निरुद्ध रामपुर सांसद से मनी लॉड्रिंग को लेकर पूछताछ करने वाली टीम ने अभियोग से जुड़े मामले को खंगाला है। मामला आजम खां के ड्रीम प्रोजेक्ट जौहर विश्वविद्यालय के नाम पर जमीनों के अधिगृहण से जुड़ा है। इसी को लेकर सोमवार दोपहर करीब डेढ़ बजे प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) की दो सदस्यीय टीम सीतापुर कारागार पहुंची।

सीएम योगी ने सुहेलदेव को किया याद, ओमप्रकाश राजभर ने दी नसीहत, बोले-महाराज का पूरा नाम भी लिखिये

लखनऊ (एजेंसी)। यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम को याद करते हुए उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। इस पर पूर्व कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने सीएम योगी को नसीहत दे डाली। राजभर ने अयोध्या और बहराइच में सुहेलदेव का भव्य मंदिर बनवाने की मांग भी कर दी। सीएम योगी ने सोमवार को ट्वीट कर लिखा कि यदि हिन्दू समाज महाराजा सुहेलदेव के पराक्रम से प्रेरणा लेता तो कोई विदेशी आक्रांता अयोध्या जी में श्री राम मंदिर को क्षतिग्रस्त करके हिंदू समाज को अपमानित करने का दुस्साहस नहीं कर पाता। इसी के जवाब में ओमप्रकाश राजभर ने लिखा कि

महाराजा सुहेलदेव राजभर जी के पराक्रम का ही देन था कि कोई भी विदेशी आक्रांता 1034 ईसवी के बाद करीब 157 वर्षों तक भारत की सरजमीं पर पैर रखने की हिम्मत नहीं जुटा पाया। अगर महाराजा सुहेलदेव राजभर जी से प्रेरणा लेते हैं तो पहले इनका पूरा नाम लिखिए।

ओमप्रकाश का इसका महाराज सुहेललदेव के साथ राजभर लिखने को लेकर था। ओमप्रकाश ने यह भी लिखा कि महाराजा सुहेलदेव राजभर जी का भव्य मंदिर अयोध्या और बहराइच में बनवाइये और उनके स्वर्णिम इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करवाइए, जिससे लोग प्रेरणा ले सकें और इनके वंशजों को हिस्सेदारी सुनिश्चित करिये, वरना झूठ का स्वांग रचकर ऐसे महापुरुषों के इतिहास को धूमिल मत कीजिये।

राजभर ने सीएम योगी के अन्य ट्वीट का भी रिट्वीट किया और पलटवार के अंदाज में जवाब दिया। सीएम योगी के जब कहा कि हमारे लिए ओबीसी, एससी-एसटी, महिला या युवा मोर्चा समाज को जोड़ने का माध्यम हैं, समाज के प्रत्येक तबके को जागरूक करने के लिए हैं।

पाकिस्तान में हिंदू परिवार पर जुल्म, खेत में काम करते हुए प्यास लगी तो मस्जिद के नल से लिया था पानी

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में एक मस्जिद से पीने का पानी लेने के कारण एक गरीब हिंदू किसान परिवार मुश्किल में पड़ गया क्योंकि कुछ लोगों ने धार्मिक स्थल की पवित्रता का उल्लंघन करने के लिए उसे प्रताड़ित किया और बंधक बना लिया। मीडिया ने सोमवार को यह खबर दी। डॉन अखबार के मुताबिक पंजाब के रहीमयार खान शहर के रहने वाले आलम राम भील अपनी पत्नी समेत परिवार के अन्य सदस्यों के साथ एक खेत में कपास उठाने का काम कर रहे थे। भील ने कहा कि जब परिवार एक नल से पानी लेने के लिए पास की एक मस्जिद के बाहर गया तो कुछ स्थानीय जमींदारों ने उन्हें पीटा। जब परिवार कपास का काम कर घर लौट रहा था तो जमींदारों ने उन्हें उनके डेरा में बंधक बना लिया और मस्जिद की पवित्रता का उल्लंघन करने के लिए उन्हें प्रताड़ित किया।

भील ने कहा कि पुलिस ने मामला दर्ज नहीं किया क्योंकि हमलावर, प्रधानमंत्री इमरान खान की सत्तारूढ़ पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के एक स्थानीय सांसद से जुड़े हैं। पुलिस की निष्क्रियता का विरोध करते हुए भील ने समुदाय के सदस्य पीटर जॉन भील के साथ थाने के बाहर धरना दिया। जिला शांति समिति के सदस्य पीटर ने कहा कि उन्होंने सत्तारूढ़ पीटीआई के विधायक जावेद वारियाच से संपर्क किया, जिन्होंने शुक्रवार को मामला दर्ज कराने में उनकी मदद की।

अखबार के मुताबिक पीटर ने जिला शांति समिति के अन्य सदस्यों से इस मुद्दे पर एक आपात बैठक बुलाने का अनुरोध किया लेकिन उन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। पीटीआई के दक्षिण पंजाब अल्पसंख्यक विंग के महासचिव युधिष्ठिर चौहान ने कहा कि घटना उनके संज्ञान में आई है लेकिन सत्तारूढ़ पार्टी के सांसद के प्रभाव के कारण उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया। जिला पुलिस अधिकारी असद सरफराज ने कहा कि वह मामले पर गौर कर रहे हैं। उपायुक्त डॉ खुर्रम शहजाद ने कहा कि वह कोई भी कार्रवाई करने से पहले सोमवार को हिंदू समुदाय के बुजुर्गों से मिलेंगे। शांति समिति के बारे में पूछे जाने पर अधिकारी ने दावा किया कि यह पूरी तरह से काम कर रही है। एक वरिष्ठ वकील और पूर्व जिला बार अध्यक्ष फारूक रिंद ने कहा कि वह भी बस्ती कहूर इलाके से ताल्लुक रखते हैं, जहां भील एक सदी से अधिक समय से रह रहे हैं। उन्होंने कहा कि समुदाय के ज्यादातर सदस्य खेत में काम करने वाले और बेहद गरीब लोग हैं। रिंद ने कहा कि आरोपी जमींदार छोटे-मोटे मुद्दों पर अन्य ग्रामीणों के साथ लड़ाई करने के लिए कुख्यात है।

अखबार में कहा गया है कि वकील ने शिकायतकर्ता परिवार को मुफ्त कानूनी सहायता का वादा किया। पाकिस्तान में हिंदू सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समुदाय है। आधिकारिक अनुमान के मुताबिक पाकिस्तान में 75 लाख हिंदू रहते हैं। समुदाय के अनुसार देश में 90 लाख से अधिक हिंदू रह रहे हैं।

इमरान खान पर भड़का तालिबान, कहा- पाकिस्तान समेत किसी भी देश को समावेशी सरकार के लिए सुझाव देने का अधिकार नहीं

इस्लामाबाद (एजेंसी)। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान की 'समावेशी' सरकार बनाने वाली टिप्पणियों का करारा जवाब दिया है। तालिबान ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान समेत किसी भी देश को इस्लामिक अमीरत से अफगानिस्तान में एक 'समावेशी' सरकार स्थापित करने के लिए कहने का कोई अधिकार नहीं है। तालिबान के प्रवक्ता और उप सूचना मंत्री जबीउल्लाह मुजाहिद की यह टिप्पणी पाकिस्तान और कई अन्य देशों द्वारा अफगानिस्तान में समावेशी सरकार बनाने को लेकर की गई टिप्पणियों के बाद आया है। मुजाहिद ने डेली टाइम्स को बताया, 'पाकिस्तान या किसी अन्य देश को इस्लामिक अमीरात से अफगानिस्तान में 'समावेशी' सरकार स्थापित करने के लिए कहने का कोई अधिकार नहीं है।' दरअसल, कुछ दिन पहले इमरान ने यह स्वीकार किया था कि इस्लामाबाद ने अफगानिस्तान में एक समावेशी सरकार के लिए तालिबान के साथ बातचीत शुरू की है। जिसमें देश के अल्पसंख्यक भी शामिल होंगे।

इससे पहले तालिबान के एक अन्य नेता, मोहम्मद मोबीन ने भी कहा था कि अफगानिस्तान किसी को भी देश में समावेशी सरकार का आह्वान करने का अधिकार नहीं देता है। उन्होंने अफगानिस्तान के एरियाना टीवी पर एक डिबेट शो के दौरान कहा क्या समावेशी सरकार का मतलब यह है कि सिस्टम में पड़ोसियों के अपने प्रतिनिधि और जासूस हो? मोबीन का यह बयान इस बात के पुख्ता संकेत हैं कि तालिबान ऐसी सरकार के आह्वान को स्वीकर करने के मूड में नहीं है जिसमें अन्य समूहों का प्रतिनिधित्व हो।

जर्मन चुनावः एसपीडी के ओलाफ शॉल्त्स का पलड़ा भारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। चांसलर उम्मीदवारों की आखिरी बहस में सोशल डेमोक्रेट्स और ग्रीन पार्टी के बीच एक संयुक्त मोर्चा दिखा. वहीं एक स्नैप पोल में एसपीडी के ओलाफ शॉल्त्स स्पष्ट विजेता बने. लेकिन सीडीयू के आर्मिन लाशेट उनसे ज्यादा पीछे नहीं हैं.सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी (एसपीडी) की ओर से चांसलर पद के उम्मीदवार ओलाफ शॉल्त्स और उनकी ग्रीन पार्टी की प्रतिद्वंदी अनालेना बेयरबॉक



कई बार क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन (सीडीयू) के आर्मिन लाशेट के खिलाफ अगले रविवार को होने वाले चुनावों से पहले तीसरी और अंतिम टीवी डीबेट में एक संयुक्त मोर्चा बनाते दिखे. यह सभी निवर्तमान चांसलर अंगेला मैर्केल की जगह लेने के सबसे प्रबल उम्मीदवार हैं. 90 मिनट तक चली आखिरी कांटेदार बहस के अंत में यह दिखा कि यह अब तक की सबसे करीबी चुनावी दौड़ है. बेयरबॉक और फिर शॉल्त्स दोनों ने ही सुझाया कि ठअच्छा होगा अगर सीडीयू विपक्ष में चली जाएठ हालांकि वे यह बात जताने के लिए भी उत्सुक थे कि सरकार बनाने के लिए वे जर्मनी के धुर दक्षिणपंथी दल अल्टरनेटिव फॉर जर्मनी (एएफडी) के अलावा सभी पक्षों से बातचीत के लिए तैयार होंगे. इस दौरान लाशेट, पिछले रविवार की बहस के मुकाबले कम आक्रामक दिखे. इस बार, उन्होंने अपने इस सामान्य आरोप को अंत तक बचाए रखा कि उनके सेंटर-लेफ्ट प्रतिद्वंदी सोशलिस्ट लेफ्ट पार्टी को सरकार में लाने की योजना बना रहे हैं. वहीं पहले से उलट बेयरबॉक, लाशेट के साथ ज्यादा अधीर दिखीं. एक समय आया जब उन्होंने जोर से कहा कि उनके कंजरवेटिव प्रतिद्वंदी के साथ ठकुछ तो गलत हैठ कुल आंकड़े अब भी शॉल्त्स के समर्थन में हैं. सैट 1 टीवी नेटवर्क पर बहस के तुरंत बाद जारी किए गए एक फोर्सा पोल में दिखा कि 42 फीसदी दर्शक सोचते हैं कि सोशल डेमोक्रैट उम्मीदवार शॉल्त्स बहस में जीते.

अंखड भारत संदेश के लिए स्वामी श्री योगी सत्यम क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज 211019 से प्रकाशित एवं रामा प्रिंटिग प्रेस 53/25/1ए बेली रोड नया कटरा प्रयागराज से मुद्रित।

मुद्रक/प्रकाशक

स्वामी श्री योगी सत्यम पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से संबंधित विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा। आरएनआई नं.

UPHIN 2001/9025